नई दिल्ली
शुक्रवार, 26 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 27, अंक : 292
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 09












### जंतर-मंतर देखा, फिर किया हवा महल तक रोड शो, पूरे रास्ते हुई फूलों की वर्षा

# पीएम मोदी और मैक्रों के 'बीच' बॉन्डिंग से दुनिया को बड़ा संदेश

दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक जंतर मंतर का अवलोकन किया व उसके बारे में जाना।

## इस बॉन्डिंग से दुनिया को यह बड़ा संदेश गया कि फ्रांस भारत का सबसे भरोसेमंद साथी है



होटल रामबाग पैलेस में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई, दोनों नेता रात में ही दिल्ली पहुंच गए

एजेंसी ▶▶ जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के बीच गुरुवार को गजब की बॉन्डिंग नजर आई। इस बॉन्डिंग से दुनिया को यह बड़ा संदेश गया कि फ्रांस भारत का सबसे भरोसेमंद साथी है। इस दोनों नेताओं की मुलाकात जयपुर में गर्मजोशी से भरी रही। मैक्रों ने जयपुर में पीएम मोदी के साथ रोड शो भी किया। यह रोड शो जंतर मंतर से हवा महल तक किया गया।

इस दौरान दोनों नेता एक गाड़ी पर खड़े नजर आए। दोनों नेताओं ने हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन किया। दोनों नेता एक वाहन पर खड़े दिखे और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन ▶▶ शेष पेज 8 पर

मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि

फ्रांस की वायु सेना के दो राफेल लड़ाकू विमान और एक एयरबस ए-330 मल्टी-रोल टैंकर परिवहन विमान भी समारोह में शामिल होंगे



## मैक्रों आमेर के किले भी पहुंचे, कलाकारों से बात की

मैक्रों का काफिला हवाईअड्डे से आमेर के किले के लिए रवाना हुआ। रास्ते में जगह जगह स्कूली बच्चों व आम लोगों ने काफिले का स्वागत किया। मैक्रों ने कई जगह हाथ हिलाकर बच्चों का अभिवादन किया। किले में भी वह वहां मौजूद लोगों से बात करते व उनके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए। किले में विदेश मंत्री जयशंकर तथा राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भी मौजदू थी। यहां मैक्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा।

### दोनों नेताओं ने बड़ी चौपड़ में हवा महल के सामने चाय पी

पीएम मोदी ने मैक्रों को यूपीआई पेमेंट डिजिटल सिस्टम के बारे में जानकारी दी। हवा महल देखते समय मैक्रों ने 2 सवाल भी पूछे। पहला- हवा महल में कितनी खिड़कियां हैं। दूसरा- इसमें लगे शीशे का रंग नीला क्यों है। इस बीच दोनों नेता बड़ी चौपड़ में हवा महल के सामने चाय पी। मैक्रों और मोदी जंतर-मंतर पर बने सम्राट यंत्र को देखा। यह जंतर-मंतर पर सबसे बड़ा यंत्र है। इसकी ऊंचाई 90 फीट है।

### गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले छठे फ्रांसीसी नेता

*दिल्ली में मैक्रों कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। फ्रांसीसी सेना की एक टुकड़ी इस साल के गणतंत्र दिवस परेड में भाग ले रही है। फ्रांस की वायु सेना के दो राफेल लड़ाकू विमान और एक एयरबस ए330 मल्टी-रोल टैंकर परिवहन विमान भी समारोह में शामिल होंगे। मैक्रों गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने वाले छठे फ्रांसीसी नेता (पांचवे राष्ट्रपति) हैं, उनसे पहले 2016 में तत्कालीन फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद, 2008 में निकोलस सरकोजी, 1998 में जैक्स शिराक, 1980 में वालेरी गिस्कार्ड डी'एस्टैंग और 1976 में प्रधान मंत्री जैक्स शिराक भारत के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बन चुके हैं।*

### पद्म पुरस्कारों का ऐलान

## पहली महिला महावत पारबती बरुआ समेत 34 विभूतियों को मिलेगा पद्म अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर इस साल दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के नाम का ऐलान किया गया।

इसमें विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली हस्तियों के नाम शामिल हैं। इस साल 34 विभूतियों को पद्म श्री देने का निर्णय लिया गया है, इनमें पार्वती बरुआ, जागेश्वर यादव, चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। पद्म पुरस्कार भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न के बाद सबसे महत्वपूर्ण सम्मान हैं,



जिन्हें तीन श्रेणियों में पद्म विभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री के तौर पर दिया जाता है। पद्म सम्मान की शुरुआत साल 1954 में भारत सरकार ने की थी। साल 1955 में इसे पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण नाम दे दिया गया। तब से यही सिलसिला चला आ रहा है।

### इन्हें मिलेगा पद्म अवॉर्ड

1. *पारबती बरुआ (सामाज सेवा, असम, उम्र- 67 साल)- भारत की पहली महिला हाथी महावत।*
2. *जागेश्वर यादव (सामाजिक कार्य छत्तीसगढ़, उम्र- 67 साल)*
3. *चामी मुर्मू (सामाजिक कार्य झारखंड, उम्र- 52 साल)-*
4. *गुरविंदर सिंह (सामाजिक कार्य हरियाणा, उम्र- 53 साल)*
5. *सत्यनारायण बेलेरी (अन्य, केरल, उम्र-50 साल)- कासरगोड के चावल किसान*
6. *दुखू माझी (सामाजिक कार्य) पुरुलिया के सिंदरी गांव के आदिवासी पर्यावरणविद् दुखू माझी को सामाजिक कार्य (पर्यावरण वनीकरण) के क्षेत्र में पद्मश्री दिया जाएगा।*
7. *के चेल्लम्मल (अन्य, अंडमान व निकोबार, उम्र- 69 साल)- दक्षिण अंडमान के जैविक किसान के. चेल्लम्मल (नारियल अम्मा) को अन्य (कृषि जैविक) के क्षेत्र में पद्मश्री मिला। उन्होंने 10 एकड़ का जैविक फार्म सफलतापूर्वक विकसित किया।*
8. *संगथंकिमा (सामाजिक कार्य, मिजोरम, उम्र- 63 साल)- मिजोरम के सबसे बड़े अनाथालय 'थुतक नुनपुइटु टीम' चलाने वाले आइजोल के एक सामाजिक कार्यकर्ता संगथंकिमा को सामाजिक कार्य (बाल) के क्षेत्र में पद्मश्री दिया जाएगा।*
9. *हेमचंद मांझी (चिकित्सा, छत्तीसगढ़, उम्र- 70 साल)- नारायणपुर के पारंपरिक औषधीय चिकित्सक हेमचंद मांझी को चिकित्सा (आयुष पारंपरिक चिकित्सा) के क्षेत्र में पद्मश्री दिया जाएगा। उन्होंने पांच दशकों से अधिक समय से ग्रामीणों को सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र से जरूरतमंदों की सेवा शुरू कर दी थी।*

### *गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं*

*गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

### *अवकाश*

*इस अवसर पर 26 जनवरी शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 28 जनवरी रविवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

## डेंगू, मलेरिया, कोढ़, खत्म होने का समय आ गया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के असंतुष्ट नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद चेन्नई में निकाली गई शोभा यात्रा पर कमेंट करते हुए डीएमके को एक नया नाम दिया।



उन्होंने कहा, 'अब तमिलनाडु में डेंगू (डी) मलेरिया (एम) कोढ़ (के) के खत्म होने का समय आ गया है। जय-जय श्री राम।' आचार्य प्रमोद कृष्णम का ये बयान तमिलनाडु सरकार के मंत्री और एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म वाले बयान का जबाव बड़ा माना जा रहा है।

## कंटेनर की टक्कर से 12 श्रद्धालुओं की मौत



**शाहजहांपुर।** थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के ऑटो को कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। हादसा गुरुवार की सुबह करीब 10:30 बजे अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। कंटेनर चालक फरार है। जानकारी मिलने के बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा और जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा मौके पर पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है।



### कोहली:आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। इस अवॉर्ड के लिए विराट के साथ भारत के ही शुभमन गिल, शमी और न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल भी रेस में थे। विराट को चौथी बार यह अवॉर्ड मिला है। इससे पहले वे 2012, 2017 और 2018 में भी चुने गए थे। वहीं वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने। विराट ने साल 2023 में 27 वनडे मैचों में 1377 रन बनाए। इसमें 6 शतक और 8 अर्धशतक शामिल रहे। उन्होंने 1 विकेट और 12 कैच भी लपके।

### सेना ने पुलवामा में डिफ्यूज किया जिंदा आईईडी बम

**नई दिल्ली।** भारतीय सुरक्षाबलों को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा सेक्टर में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने एक आईईडी को डिटेक्ट किया और उसे बम निरोधक दस्ते की मदद से डिफ्यूज भी कर दिया। अतंकियों ने इस आईईडी को भारतीय सेना को निशाना बनाते हिट किया था।







## डीएमआरसी ने देशभर से आए जनजातीय समुदाय के सदस्यों को कराई मेट्रो की सवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने भारत के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 आदिवासी समुदाय के सदस्यों को दिल्ली मेट्रो की यात्रा की सुविधा प्रदान की। अस बारे में डीएमआरसी ने बताया कि सभी जनजातीय अतिथियों को विश्व स्तरीय मेट्रो प्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए येलो लाइन पर आईएनए से पटेल चौक मेट्रो स्टेशन तक यात्रा कराई और पटेल चौक स्टेशन पर स्थित मेट्रो संग्रहालय का दौरा भी कराया। डीएमआरसी के अनुसार इन अतिथियों में भारत के प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से दो-दो, जिसमें एक पुरुष और एक महिला सदस्य को जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हर साल गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में आमंत्रित किया जाता है। इन आमंत्रित मेहमानों को बाद में गणतंत्र दिवस परेड देखने के अलावा राष्ट्रपति और पीएम से मिलाया जाता हैं।

### सिरसपुर इलाके में हादसा, चार लोग घायल

# गोदाम की दीवार गिरी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के सिरसपुर इलाके में एक गोदाम की दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई वहीं चार लोग घायल बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार यह हादसा गुरुवार को सिरसपुर की गली नंबर चार में दोपहर करीब एक बजे हुआ। जिस गोदाम की दीवार गिरी, उसके बगल में मज़दूर नींव की खोदाई कर रहे थे। इसी दौरान दीवार मज़दूरों पर गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल सेवा विभाग की टीम ने राहत कार्य शुरू किया। वहीं, दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने बताया कि उनके कर्मचारी भी राहत



कार्य में लगे रहे। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्रः कारखाने में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**एजेंसी. नई दिल्ली।** पश्चिमोत्तर दिल्ली के वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में बर्तन बनाने वाले दो मंजिला कारखाने में बृहस्पतिवार दोपहर आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशन सेवा के एक अधिकारी के मुताबिक दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर इस घटना के बारे में कॉल आयी जिसके बाद आठ दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया। उन्होंने बताया कि अपराह्न एक बजकर 50 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया तथा अंदर फंसे पांच मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि इस भवन के पहले तल पर आग लगी और शीघ्र ही वह दूसरे तल तक फैल गयी। उन्होंने कहा कि संदेह है कि शॉट सर्किट की वजह से आग लगी। अधिकारी ने यह भी बताया कि आग में कुछ सामान एवं फर्नीचर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गये।

## फैक्ट्री सील करने गए निगमकर्मियों के साथ आप विधायक ने किया अभद्र व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम कर्मियों ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक महेंद्र गोयल पर सरकारी काम के बाधा डालने, अभद्र व्यवहार करने व जान से मारने की धमकी देने के लिए पुलिस थाने में लिखित शिकायत दी है। वहीं, दूसरी तरफ विधायक महेंद्र गोयल ने भी इस मामले पर अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि निगम के कर्मचारी मनमाने तरीके से फैक्ट्री सील करते हैं और भ्रष्टाचार करते है। मैंने इसका विरोध किया तो मुझे जान से मारने की धमकी दी है जिसकी शिकायत महापौर से करूंगा।

बुधवार को पुलिस को दी शिकायत में एमसीडी कर्मी सुनील कुमार ने बताया कि नरेला जोन के अंतर्गत आने वाले गांव प्रहलादपुर बांगर में नोटिस देने के बाद प्लास्टिक फैक्टी को सील करने पहुंचे थे। सील का कार्य पूरा होने पर आप विधायक



महेंद्र गोयल अपनी गाड़ी से हमारी टीम का रास्ता रोककर अभ्रद व्यवहार व जान से मारने की धमकी तथा नौकरी से हटवाने की धमकी देने लगे और वहां मौजूद लोगों को इकट्ठा करके गाड़ियों को तोड़ने की धमकी देने लगे। मैं अपनी व अपनी टीम की जान माल को बचाकर वहां से भाग थाना शाहबाद डेरी में पहुंचा। एमसीडी कर्मी का कहना है विधायक व अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए। एमसीडी कर्मियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और निगम के निर्देश पर समय समय पर अवैध रूप से चलने वाली फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की जाती है।

# पंचशील पार्क मेट्रो स्टेशन पर जेसीबी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पंचशील पार्क मेट्रो स्टेशन के पास बृहस्पतिवार को सड़क पार करते समय जेसीबी से कुचल कर 50 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चालक को मौके से गिरफ्तार कर जेसीबी को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि पीड़ित की पहचान बृज किशोर त्रिवेदी के रूप में हुई है, जो एक घर में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमें सुबह सात बजे पंचशील पार्क मेट्रो स्टेशन के पास एक दुर्घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। यह पाया गया कि एक व्यक्ति बृज किशोर त्रिवेदी (50) को सड़क पार करते समय एक जेसीबी ने टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि



जेसीबी की चपेट में आने के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अधिकारी ने बताया कि हमने जेसीबी चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान संदीप (40) के रूप में हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## गणतंत्र दिवस समारोह में बैठक स्थल के पास गाड़ियों से उतर सकते हैं वीआईपीः यातायात पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली यातायात पुलिस ने बुधवार को कहा कि वे इस बार गणतंत्र दिवस पर वरिष्ठ नौकरशाहों और राजनेताओं सहित वीआईपी लोगों को कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में उनके बैठने की जगह के पास गाड़ियों से उतरने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि अति विशिष्ट लोगों (वीआईपी) को उनके बैठने की जगह के पास छोड़ने के बाद, कारों को एक निर्दिष्ट पार्किंग स्थल पर भेजा जाएगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अति विशिष्ट(वीआईपी) पार्किंग की जगह हमेशा आवश्यकता से कम होती है। इस बार हमने अति विशिष्ट लोगों (वीआईपी) के लिए बैठने की जगह के पास उतरने की सुविधा प्रदान की है और उनका वाहन निर्दिष्ट पार्किंग में जा सकता है।
उन्होंने बताया कि विज्ञान भवन के पीछे पार्किंग स्थल 3 और 4 में 300 वाहनों के खड़े होने की क्षमता है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवसः 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इस वर्ष की राष्ट्रीय मतदाता दिवस थीम, 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' वास्तव में जीवंत लोकतंत्र में सफल चुनावों का सार दर्शाता है। भारत ने गुरुवार को अपना 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया और इस मौके पर दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति न उक्त संबोधन में कहा कि उनके कार्यालय ने इस अवसर को उत्साह के साथ मनाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की। सीईओ पी. कृष्णमूर्ति ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से पहली बार/युवा मतदाताओं के बीच मतदाता पंजीकरण और भागीदारी को प्रोत्साहित करना एवं सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि 2011 से, भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को मनाने के लिए 25 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर उत्तर-पश्चिम जिला डीईओ अंकिता आनंद को सर्वश्रेष्ठ डीईओ के लिए सम्मानित किया। राज्य स्तरीय




समारोह में दिल्ली के 5 युवा मतदाताओं को उनका मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) दिया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उपलब्धि प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार दिए गए।

चुनाव प्रशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य और जिला स्तर पर 19 अधिकारियों/कर्मचारियों को सर्वोत्तम चुनावी प्रशासन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। सीईओ और जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) द्वारा समर्थित मानव श्रृंखलाएं दिल्ली के सभी जिलों में बनाई गईंसीईओ ने कहा कि यह दिन देश के मतदाताओं को समर्पित है और इसका उद्देश्य मतदाता जागरूकता में सुधार करना और चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत सीईओ दिल्ली द्वारा शुभ दीप प्रज्ज्वलन के बाद गणमान्य व्यक्तियों और स्टेट आइकॉन अनुज जैन, अलकनंदा दासगुप्ता एवं शैने सोनी के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्र को संबोधित मुख्य चुनाव आयुक्त, चुनाव आयोग के ऑडियो-विजुअल संदेश का प्रसारण शामिल था। इसके बाद एनवीडी प्रतिज्ञा ली गई।

## युवा मतदाता भी पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और देश के युवा मतदाता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित हैं और हम सभी ने देखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश में कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को लाभ ही पहुंचाया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में युवाओं को संबोधित करते हुए गुरुवार को ये बातें कहीं। सचदेवा पीजीडीएवी कॉलेज के बाहर आयोजित युवा मतदाताओं की सभा में शामिल हुए। वहीं, जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में सचदेवा ने युवाओं के साथ प्रधानमंत्री की योजनाओं पर बातचीत की और प्रधानमंत्री का संदेश सुनने व देखने के बाद उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों पर किताबें उपहार में दीं। उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं, किसानों, गरीबों और वंचितों का भी विकास हुआ है। दिल्ली प्रदेश भारतीय युवा मोर्चा ने गुरुवार को दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में युवा और नए मतदाताओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सामूहिक रूप से देखने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए। प्रदेश भाजपा के अनुसार बदरपुर विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, राजेन्द्र नगर



विधानसभा में केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, आदर्श नगर विधानसभा में सांसद डॉ हर्षवर्द्धन, बुराड़ी विधानसभा में मनोज तिवारी, पालम विधानसभा में रमेश बिधूड़ी, मादीपुर विधानसभा में प्रवेश वर्मा, बवाना में हंसराज हंस, रोहिणी विधानसभा में विधायक विजेंद्र गुप्ता युवा मोर्चा की सभाओं में शामिल हुए। दिल्ली भाजयुमो अध्यक्ष सागर त्यागी और कार्यक्रम संयोजक अरूण दराल बीजेपी राष्ट्रीय मुख्यालय में युवा और नए मतदाताओं की सभा में शामिल हुए और उनके साथ पीएम का संदेश देखा।अपने संबोधन में युवाओं से संवाद करते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि नए युवा मतदाताओं ने यह भी देखा है कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ कई अन्य क्षेत्र शीर्ष पर हैं और यही कारण है कि दिल्ली और देश के युवा मतदाता भाजपा को वोट देंगे।



केंद्रीय राज्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं को पढ़ाया 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' का पाठ

# पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में आगे बढ़ रहा

*केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के मद्देनजर मेरा बूथ सबसे मजबूत मूल मंत्र को आधार बनाकर कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। जन सम्पर्क, जनसंवाद और अपनी सकारात्मक कार्य पद्धति के ज़रिए संगठन की मोर्चाबंदी को मजबूत करें।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

देश मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-श्रेष्ठ भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है और 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के मद्देनजर 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' मूल मंत्र को आधार बनाकर कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। जनसंपर्क, जनसंवाद व सकारात्मक कार्य पद्धति के ज़रिए संगठन की मोर्चाबंदी को मजबूत करें और पीएम मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएं। भाजपा जिला फरीदाबाद की संगठनात्मक बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' का पाठ पढ़ाते हुए कहा। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा की अध्यक्षता में भाजपा जिला फरीदाबाद की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम की निवर्तमान महापौर सुमन बाला, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन विनोद चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह, ओमप्रकाश रेक्सवाल, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आर.एन. सिंह आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- कार्यकर्ता सेवादार की तरह केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं
- मतदाताओं की समस्यों का निदान करें और उनके मन की बात जानें




### सकारात्मक कार्य पद्धति के ज़रिए संगठन की मोर्चाबंदी को करें मजबूत

बैठक में जिला अध्यक्ष वोहरा ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और संगठन के विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। कहा कि कार्यकर्ता सेवादार की तरह केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और लाभार्थियों से जनसंपर्क कर उनकी समस्यों का निदान करें और उनके मन की बात जानें। हर बूथ पर बूथ और पन्ना प्रमुख तक के भाजपा कार्यकत्राओं को नमो एप्प व सरल एप्प से जोड़ें और पन्ना प्रमुख के माध्यम से बूथ के कार्यकर्ताओं व जनता को नमो एप्प से जोडने का कार्य करे।

### 5 दीवारों पर शक्ति केंद्र व बूथ प्रमुख के माध्यम से लेखन

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने दीवार लेखन कार्यक्रम पर कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बूथ पर कम से कम 5 दीवारों पर शक्ति केंद्र प्रमुख और बूथ प्रमुख के माध्यम से दीवार लेखन का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया पर तो पूरे जोर शोर से काम चल रहा है और डिजिटल के साथ दीवार लेखन के कार्य को भी पूरी गति से आगे बढ़ाकर 30 जनवरी तक पूर्ण करना है। लोकसभा संयोजक अनिल नागर ने फिर से मोदी सरकार, दीवार लेखन के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

# भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातंत्र देश, 66 करोड़ मतदाता लोस में करेंगे मतदान

## युवाओं की जागरूकता रैली को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लाइव वीडियो कांफ्रेंस के जरिए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्रजातंत्र देश है। भारत में अब 66 करोड़ मतदाता आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगे। उन्होंने युवा मतदाताओं से आह्वान किया कि चुनावों की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं के साथ साथ युवा मतदाता भी उत्सव के साथ मतदान में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं।




# राष्ट्र की नींव मजबूत करने को खुद मजबूत बनें युवा



**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में संकल्पित नव मतदाता सम्मेलन का यहां आईटीआई महिला शाखा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने युवाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शिरकत की। इस अवसर पर आईटीआई के प्राचार्य जेपी यादव, कार्यक्रम संयोजक आशीष गुप्ता, हरीश वर्मा, जागृति, पिंकी, अंजलि समेत अनेक छात्राएं मौजूद रहीं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के वर्चुअल संबोधन के बाद विधायक सुधीर सिंगला ने युवाओं का आह्वान किया कि राष्ट्र की नींव मजबूत करने के लिए हमें मजबूत बनना पड़ेगा। इस मजबूती में हमें मिला वोट का अधिकार भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे 18 साल तक के अपने भाई-बहन के मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए सक्रियता दिखाएं।

**कार्यालय पुलिस आयुक्त, सोनीपत**

**अभियोग संख्या 08 दिनांक 20.01.24 धारा 346 द.प्र.स. थाना मोहाना जिला सोनीपत।**

गुमशुदा की पहचान
**नाम**- जुगनी व पुत्र सलमान
**पत्नी** - नसीम
**पता**- वासी अगदपुर जोडी त. बडौत जिला बागपत यू.पी हाल बालाजी भट्ठा गुहना सोनीपत
**उम्र** - 25 वर्ष 1 वर्ष
**कद** - 4 फुट 6 इंच।
**हुलिया**:- रंग सावंला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर कद 4 फुट 6 उम्र 25 साल
**पहनावा** - सन्तरी रंग का सुट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुये है।
**पहनावा लड़के**- हरी सफेद लाल रंग की जर्सी



दिनांक 19.01.2024 को जुगनी व पुत्र सलमान पत्नी नसीम हाल वासी बालाजी भट्ठा गुहना जिला सोनीपत बिना बताये घर से कही पर चली गई है। अगर किसी थाना /व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करे।
प्रबन्धक थाना मोहाना - 7419410643
अनुसंधानकर्ता मो. नं.- 8929397055
कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903

हस्ता/-
अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस आयुक्त,
सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/2092/2024/24476/88/7 दि. 25.01.24

# डीपीजी डिग्री कॉलेज ने मतदाता दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीपीजी डिग्री कॉलेज की कला और वाणिज्य विभाग ने मतदाता दिवस के अवसर पर एक सक्रिय सत्र आयोजित किया।

जिसमें छात्रों को उनके मताधिकार के बारे में जागरूक करने के लिए एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। वहीं एक जागरूकता रैली भी आयोजित की गई, जिससे छात्रों को उनके वोटिंग अधिकारों के महत्व की समझ में मदद मिल सके।इस अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें कला और वाणिज्य विभागों के छात्रों ने समृद्धि और जागरूकता के साथ कैंपस में एक रैली निकाली।

इस रैली के माध्यम से, वे अपने साथी छात्रों को मतदान के महत्वपूर्ण और अद्वितीयता से बारे में जागरूक करने का प्रयास कर रहे थे। रैली में छात्रों ने पोस्टर्स लेकर अपनी आवाज को बुलंद किया। जिससे वे स्वयं को साकार करते हुए अपने मतदान के अधिकारों के महत्व को समझाने में सफल रहे।

# भाई ने बहन को मारी गोली गिरफ्तार, तमंचा भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना कविनगर इलाके में एक बहन ने अपनी बहन को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी भाई को पुलिस ने हिरासत में लेकर गोली मारने के कारणों जानने के लिए पूछताछ कर रही है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना कविनगर पर एक सुचना मिली कि सर्वोदय अस्पताल में एक लड़की गोली लगी हालत में अपने परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया है। सूचना के तत्काल ही थाना कविनगर पुलिस पहुंची तथा जांच करने पर बेटी के पिता ने बताया कि स्कूल जाते समय उनकी बेटी पर स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जिससे वह घायल हो गई तथा उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना कविनगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया।



घटना का अनावरण हेतु टीमें गठन किया गया। उन्होंने बताया कि घटना के अनावरण के क्रम में घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ व सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर यह तथ्य स्पष्ट हुआ कि युवती पर गोली उसी के भाई ध्रुव चौधरी ने ही चलाई थी। ध्रुव चौधरी को हिरासत में ले लिया गया है तथा उसके पास से अवैध तमंचा भी बरामद किया गया है।

# गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर की चैकिंग अभियान

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के मार्गदर्शन में पुलिस गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए बदोबस्त किए है। शहर में 1500 से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए तैनात किए हैं। नाकों के अलावा विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित करीब 50 स्थानों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सीनियर डीईएन-III के तहत एपीएनएल-बीपीएनएल सेक्शन पर एल-क्रॉसिंग नंबर 1 सी (किमी 10.704) के बदले एलएचएस का प्रावधान। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 4,09,67,013.46/- (रूपये चार करोड़ नौ लाख सड़सठ हजार तेरह और छियालीस पैसे मात्र) |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 3,54,800/- (रूपये तीन लाख चौवन हजार आठ सौ मात्र) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 20.02.2024 को 15:00 बजे तक |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/79-2023-24/W-III दिनांक: 25.01.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 286/24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका रानियां | एम.सी. रतिया में शहीद देवेन्द्र सिंह पार्क में पुनरोद्धार कार्य + 5 कार्य। | 23.01.2024 02.08.2024 | 1.52 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416527222 SECRATIA@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24472/I/88/7 दि. 25.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | (I) लगभग 1000 (+-, 10% अथवा - 10%) भागीदारों हेतु फुल मील के लिए भोजन और कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान - 5 दिन के लिए अर्थात, 9, 10, 11, 12, 13 फरवरी 2024 को फुल मील (II) 08.02.2024 को केवल डिनर और 14.02.2024 को केवल नाश्ते का प्रावधान, जिसके लिए भागीदारों की संख्या तिथि से कम से कम एक दिन पूर्व सूचित की जाएगी। | 25.01.2024 31.01.2024 | 25 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 Xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/24454/I/88/7 दि. 25.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा वन विकास निगम लिमिटेड, हिसार | जिला जीन्द में सेल डिपों में वन और गैर वन क्षेत्रों से स्टॉम्प्स को निकालने सहित, परिवर्तित करने के लिए, नाप, रिकार्डिंग, लोडिंग, कैरिज, अनलोडिंग और स्टेकिंग (लॉट्स बनाने के लिए) पेड़ों को गिराना और लॉगिंग प्रचालनों हेतु एस.ओ.आर. में वर्णित सभी सम्बन्धित कार्य और आवश्यक अतिरिक्त कार्यों सहित। | 23.01.2024 30.01.2024 | 99.95 लाख | hfdc.gov.in | 9467546775 gmhfdchsn@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/24456/I/88/7 दि. 25.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज भिवानी | जीवीडी बहल - गांव मंधोली कलां, ब्लॉक बहल, भिवानी में जी.वी.डी. का निर्माण (स्कीम आयुष)। | 22.01.2024 31.01.2024 | 38.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज भिवानी | डीसी ऑफिस - गांव तोशाम, ब्लॉक तोशाम, जिला भिवानी में हीरानंद ट्रस्ट पार्क का सौन्दर्यकरण। | 23.01.2024 30.01.2024 | 41.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज भिवानी | डीसी ऑफिस - गांव तोशाम, ब्लॉक तोशाम, जिला भिवानी में हीरानंद ट्रस्ट पार्क का नवीनीकरण। | 23.01.2024 30.01.2024 | 74.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | 2024 एचजीवीवाई - गांव कलिंगा में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण। | 23.01.2024 30.01.2024 | 80.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भडाना, ब्लॉक सोनीपत जैडपी में कर्मबीर के मकान से मनोज पुत्र रमेश के खेत तक बीओई रास्ते का निर्माण + 3 कार्य। | 24.01.2024 01.02.2024 | 46.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव बिल्लोना, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में पशुपालन अस्पताल के सामने से बाले वाला (किंड वाला) तक लोनिवि रोड के साथ-साथ नाला का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 1 कार्य। | 23.01.2024 29.01.2024 | 11.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | निराश्रित वृद्ध व्यक्तियों अपना आशियाना आश्रम, जन दल, इन्दिरा कॉलोनी, जुंडला गेट के सामने, करनाल हेतु हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 24.01.2024 30.01.2024 | 20.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | एस.डी.ए. - गांव टिपरा जी.पी. टिपरा, ब्लॉक मोरनी में धर्मशाला का निर्माण। | 24.01.2024 30.01.2024 | 5.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कैथल | गांव बालु बिधान में सामुदायिक केन्द्र में शौचालय का निर्माण + 8 कार्य। | 24.01.2024 01.02.2024 | 51.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746247248 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गांव कुरलान, ब्लॉक मुनक में लोनिवि रोड से समध गांव के खेत तक रास्ता का निर्माण + 6 कार्य। | 23.01.2024 06.02.2024 | 50.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | बक्शीवाला - गांव बक्शीवाला जी.पी. बक्शीवाला, ब्लॉक पिंजौर में एससी चौपाल की मरम्मत और रखरखाव + 4 कार्य। | 23.01.2024 29.01.2024 | 16.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज रोहतक | बखेता - हरिजन चौपाल बखेता में 20*20 हॉल का निर्माण (वीएजीवाई) + 13 कार्य। | 21.01.2024 06.02.2024 | 519.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | भिवानी सब ब्रांच के आरडी 25600-आर पर नये पम्प हाउस पर सम्बद्ध सामग्री सहित 01 अदद 5 टन ईओटी क्रेन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 30.01.2024 | 19.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 14 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | निर्माण सदन बिल्डिंग सेक्टर-33 चण्डीगढ़ में सेंट्रल एयर कंडीशनिंग सिस्टम (2×150 टीआर) के प्रचालन और व्यापक रखरखाव हेतु एएमसी (अवधि 01.01.2024 से 31.12.2025 हेतु) (दो वर्ष)। | 24.01.2024 12.02.2024 | 23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2618279 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 15 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला | मेडिकल गैसेज (नाइट्रस ऑक्साइड, कार्बन डाईऑक्साइड और मेडिकल ऑक्सीजन गैस) की खरीद। | 27.01.2024 03.02.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज भिवानी | 5734 - गांव ढाणी श्यामा ब्लॉक लोहारु में शमशान घाट शैड पानी की टंकी और रास्ता का निर्माण एचआरडीएफ + 15 कार्य। | 24.01.2024 29.01.2024 | 158.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जैनपुर, ब्लॉक मुरथल में सामान्य चौपाल में हॉल का निर्माण + 9 कार्य। | 25.01.2024 01.02.2024 | 94.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज खरखौदा, सोनीपत | गांव मौजम नगर, ब्लॉक खरखौदा में सीएचसी फरमाना में राजकीय अस्पताल में शौचालय और पानी की टंकी का निर्माण + 8 कार्य। | 25.01.2024 01.02.2024 | 73.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | गणेशपुर भोरियां :- गांव गणेशपुर भोरियां ब्लॉक पिंजौर (पंचकूला) में मियां रोड से नदी तक आर/वॉल और गली का निर्माण + 4 कार्य। | 24.01.2024 30.01.2024 | 27.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 20 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | रानिया वालीजोहड़ी तालाब से सेहलंगा माइनर आरडी 4730/एल आरडी 0 से 6890 तक अकेहड़ी मदनपुर पाइप लाइन लिंक ड्रेन (भूमिगत एचडीपीई पाइप लाइन) के निर्माण हेतु आकलन + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.02.2024 | 1126.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 21 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जेएलएन फीडर के साथ पम्पिंग ब्रेकिश सैलाइन ग्राउंड वाटर हेतु मौजूदा बकाया छिछले नलकूप की मरम्मत और रखरखाव। | बंद होने की तिथि 05.02.2024 | 108.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 22 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल (जिला कैथल में) लघु सचिवालय के परिसर में ई-दिशा केन्द्र भवन के प्रथम तल पर हॉल में वुडन पार्टिशन का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 12.02.2024 | 15.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज कथूरा सोनीपत | 8. कथूरा ब्लॉक [ब्लॉक समिति] के सभी गांवों हेतु ओपन जिम उपकरण के प्रावधान व फिक्सिंग हेतु आकलन + 5 कार्य। | 24.01.2024 01.02.2024 | 58.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज पंचकूला | बरवाला - गोल मंदिर से कॉलेज रोड टर्न तक नाला का निर्माण। | 24.01.2024 30.01.2024 | 31.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/480/24482/I/88/7 दि. 25.01.24

सीएम ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर देशवासियों को दी बधाई

# रामराज्य से प्रेरणा लेकर दस सिद्धांतों पर चला रहे हैं दिल्ली सरकार : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रामराज्य की अवधारणा से प्रेरणा लेकर हम दिल्ली में 10 सिद्धांतों पर सरकार चला रहे हैं। यह बात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत कही। सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली में कोई भूखा नहीं सोना चाहिए, इसके लिए हमारी सरकार गरीबों को फ्री राशन और बेघरों को रैन बेसेरों में छत व खाना मुहैया करा रही है। सभी को हम एक समान व अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं, फ्री व 24 घंटे बिजली के साथ गरीबों को मुफ्त पानी दे रहे हैं, बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करा रहे हैं। बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं का बसों में सफर और तीर्थयात्रा मुफ्त होने की वजह से पूरे देश में आज सबसे कम महंगाई दिल्ली में है। हमारा मानना है कि हमें ऐसी शासन व्यवस्था कायम करनी चाहिए, जिसमें सबको बराबरी का हक व अवसर मिले और सभी आपस में प्यार से रहें। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। हम कोशिश करेंगे कि आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों को अयोध्या दर्शन कराने के लिए लेकर जाएं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान सीएम ने परेड की सलामी ली। उन्होंने दिल्ली और देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम उन सभी स्वतंत्रता सेना नियों को सलाम करते हैं, जिन्होंने बड़ी से बड़ी शहादत देकर हमारे देश को आजादी दिलाई। आज हम अपने उन सभी जाबाज सैनिकों को सलाम करते हैं जिन्होंने आजादी के बाद 75 साल हमारे देश की सीमा पर अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों की रक्षा की।

हम उन किसानों, मजदूरों, उद्योगपतियों और व्यापारियों, वैज्ञनिकों, महिलाओं और युवाओं को भी सलाम करते हैं, जिन्होंने इन 75 साल में देश का विकास करने के लिए अपना योगदान दिया। सीएम ने कहा कि अभी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। यह पूरे देश और विश्व के लिए एक बेहद गर्व, खुशी और बधाई की बात थी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के संदेश को हमें अपने जीवन में ढालने की कोशिश करनी चाहिए। भगवान श्रीराम के जीवन से हमें मां-बाप की आज्ञा का पालन, निःस्वार्थ सेवा और त्याग करने की सीख मिलती है। आज खुद को रामभक्त कहने वाले दो भाई जमीन जायदाद के लिए लड़ रहे हैं, जबकि भगवान राम ने राजपाठ छोड़ दिया था। भगवान श्रीराम जाति को नहीं मानते थे, जबकि आज हमारा समाज जाति के आधार पर बंटा हुआ है। रामराज्य में किसी को कोई दुख नहीं था और सभी लोग आपस में प्रेम से रहते थे।



## केजरीवाल की उपलब्धियों का दावा झूठ का पुलिंदा : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्लीवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए गुरुवार को कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गणतंत्र दिवस परेड पर जो संबोधन दिया, वह झूठ का पुलिंदा है। बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल ने अपनी सरकार की तुलना रामराज्य से करके भगवान श्रीराम की भी अवमानना कर दी है। केजरीवाल सरकार स्वतंत्र भारत के इतिहास की सबसे भ्रष्ट और निकम्मी सरकार है। दिल्ली सरकार हर क्षेत्र में पूरी तरह फेल हो गई हैं। केजरीवाल ने अपनी सरकार की जो दस उपलब्धियां बताई हैं, उनमें से एक भी सच नहीं है। केजरीवाल की उपलब्धियों के दावे का सिलसिलेवार जबाव देते हुए बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में गरीब और बेसहारा लोग ठंड से मर रहे हैं और रैनबसेरों के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया है। दिल्ली के स्कूलों में ऐसी अराजकता है कि वहां बच्चे हत्याओं पर उतर आए हैं। शास्त्री नगर की घटना उसका उदाहरण है। दिल्ली के अस्पतालों में गंभीर रूप से घायल मरीजों को इसलिए दाखिल नहीं किया जाता क्योंकि वहां न बेड हैं, न वेंटिलेटर हैं और मशीनें महीनों खराब पड़ी रहती हैं। बिजली के नाम पर कंपनियों से सांठगांठ करके करोड़ों का घपला किया गया है और जनता इसलिए प्यासी है कि साफ पानी ही मौजूद नहीं है। दिल्ली के बुजुर्गों को पांच साल से पेंशन नहीं मिल रही। महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं क्योंकि उनका कांट्रेक्ट ही आगे नहीं बढ़ पाया। सरकार ने नौकरियों के नाम पर आधा दर्जन रोजगार मेले आयोजित किए लेकिन एक भी व्यक्ति को नौकरी नहीं मिली, यह बात खुद दिल्ली सरकार ने आरटीआई में मान ली है। बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि यह बतानी चाहिए कि वह जनता के सामने हमेशा झूठ परोसते रहे हैं और जनता को गुमराह करने में उन्हें महारत हासिल हो गई है। मगर, वह अधिक समय तक जनता को भ्रमित नहीं कर सकते क्योंकि अब उनकी सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है।

## आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी परिसर में मना 75वाँ गणतंत्र दिवस

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी परिसर में 75वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉक्टर महेश वर्मा ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक की तरह है। उन्होंने उन सभी महापुरुषों के प्रति आभार जताया जिन्होंने भारतीय संविधान के मसौदों को तैयार किया। यूनिवर्सिटी के पूर्वी परिसर के निदेशक प्रो. पीसी शर्मा समेत समस्त संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र- छात्राएँ उपस्थित थे। छात्र- छात्राओं ने देशभक्ति से ओत- प्रोत कई रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## झंडों के निपटान के लिए एमसीडी ने नियुक्त किए अधिकारी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह और गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनज़र अपने अधिकार क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज और धार्मिक झंडों के उचित गरिमापूर्ण निपटान के लिए अपने 12 जोनों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। बाजारों, आवासीय क्षेत्रों और धार्मिक स्थानों पर इन समारोहों के आयोजन के लिए धार्मिक ध्वज और राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रीय ध्वज/धार्मिक झंडों के अनादर से बचने के लिए एमसीडी ने अपने जोनों में झंडों के उचित गरिमापूर्ण निपटान के लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया है। तदनुसार, सभी आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन, संस्थानों और बड़े पैमाने पर जनता से अनुरोध किया जाता है कि वे इन झंडों को अपने-अपने क्षेत्रों के सफाई निरीक्षक कार्यालयों व चिन्हित स्थानों पर जमा करें। एमसीडी ने नजफगढ़ जोन में 22, सिटी एसपी जोन में 14, साउथ जोन में 24, नरेला जोन में 16, केशवपुरम जोन में 15, वेस्ट जोन में 25, सिविल लाइंस जोन में 15, शाहदरा नॉर्थ जोन में 35, रोहिणी जोन में 23, सेंट्रल ज़ोन में 26, क़रोल बाग ज़ोन में 13 और शाहदरा दक्षिणी जोन में 27 नोडल अधिकारी राष्ट्रीय एवं धार्मिक झंडों के उचित गरिमापूर्ण निस्तारण के लिए नियुक्त किए हैं।

## बल्लीमारान में 1.20 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी गलियां : इमरान

नई दिल्ली। दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र बल्लीमारान के वार्ड 79 बल्लीमारान वार्ड के अंतर्गत 12 गलियों के पुनर्निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि 1.20 करोड़ रुपए की लागत से गली बाबर बेग, कटरा दीना बेग, रोज ग्रान मकबरा इरादतुल्ला मस्जिद , अहाता हज्जन बी, गली मीर मदारी, गली नगीने वाली के आसपास की 12 गलियों में आरएमसी रोड बनाई जाएगी। मंत्री इमरान ने लाल कुआं स्थित डिस्पेंसरी के नवीनीकरण और मेंटेनेंस कार्य की भी समीक्षा की और एमसीडी अधिकारियों को निर्धारित समय पर काम पूरा करने का निर्देश दिया। संवाद के दौरान लोगों ने नए बिजली मीटर कनेक्शन, सड़कों के रखरखाव, पानी के मुद्दों, जल निकासी से सम्बंधित अन्य मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा, इसको देखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

## सिसोदिया और जैन जैसे भ्रष्टाचारियों के कारण शर्मसार है दिल्ली : तिवारी

**नई दिल्ली।** आज दिल्ली की जनता दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन जैसे भ्रष्टाचारियों के कारण शर्मसार है। साल 2016 के क्लासरूम घोटाले पर जब बुधवार को लोकायुक्त ने फैसला सुनाया तो उसमें पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया रिस्पॉन्डेंट नंबर वन और सत्येन्द्र जैन रिस्पॉन्डेंट नंबर टू को मुख्य अभियुक्त मानते हुए समन भेजा गया है जिन्हें 6 मार्च को उपस्थित होना है। सांसद मनोज तिवारी और दिल्ली भाजपा के मंत्री हरीश खुराना ने गुरूवार को भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख संजय मयूख की उपस्थिति में एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही और केजरीवाल सरकार पर अफसोस जताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्री जेल के अंदर हैं और कोर्ट उन्हें बेल तक नहीं दे रहा है, लेकिन केजरीवाल सरकार द्वारा लूट का सिलसिला जारी है और शायद उन्हें ना ही इसका अफसोस है और ना ही डर। मनोज तिवारी ने कहा कि लोकायुक्त ने अपने फैसले में कहा है कि अगर रिस्पॉन्डेंट पहले से ही जेल में है तो उसे वहां से ही अपनी बात कहनी पड़ेगी।

## डीजेबी उपाध्यक्ष भारती ने पानी सीवर के मुद्दे पर मटियाला एमएलए संग की बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने गुरुवार को डीजेबी मुख्यालय वरूणालय में नांगलोई विधानसभा के विधायक गुलाब सिंह के साथ पानी- सीवर के मुद्दे पर एक बैठक की। बैठक में भारती व गुलाब सिंह के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर एमएलए गुलाब सिंह ने अपनी विधानसभा अंतर्गत सीवर व पानी की विभिन्न समस्याओं से भारती को अवगत कराया। चर्चा के बाद उपाध्यक्ष भारती ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को साफ साफ निर्देश दिए कि जल्द से जल्द नांगलोई विधानसभा में सीवर पानी की समस्या समाप्त की जाए। सीवर व नई पाइप लाइन डालने आदि के कार्यों को अविलंब पूरा किया जाए। जलभराव को लेकर योजना बनाई जाए और उसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए मिलकर कार्य करें। भारती ने गुलाब सिंह को भरोसा दिया कि चर्चा में जिन मुद्दों पर बात हुई है उन पर जल्द से जल्द कार्य किया जाएगा। भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिशा निर्देश पर दिल्ली के एक एक घर के नल में साफ सुथरा पीने का पानी पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।

## संजय गांधी अस्पताल में मई माह में तैयार हो जाएगा ट्रामा सेंटर : पीडब्ल्यूडी


**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में स्थित संजय गांधी स्मारक अस्पताल में इस साल मई तक 362 बिस्तरों का ट्रामा सेंटर बनकर तैयार हो जाएगा। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अस्पताल के इस हिस्से में अंतिम कार्यों को अंजाम दे रहा है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में यह अबतक का सबसे बड़ा ट्रामा सेंटर होगा। उन्होंने बताया कि कई बार ट्रामा सेंटर के कार्य को पूरा करने की समयसीमा बढ़ाई गई और अब पीडब्ल्यूडी काम को 31 मई तक पूरा कर लेगा। एक अधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। हम बिजली के उपकरणों को लगाने के कार्य के अंतिम चरण में हैं।

## आईटीआई प्लेसमेंट में इजाफा सरकार के फोकस्ड प्लेसमेंट स्ट्रेटेजी का परिणाम : आतिशी

**नई दिल्ली।** आईटीआई छात्रों की प्लेसमेंट में शानदार इजाफा सरकार के फोकस्ड प्लेसमेंट स्ट्रेटेजी का परिणाम है। यह बात गुरुवार को दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने नई प्लेसमेंट रिपोर्ट के आंकड़ों पर कही है। दरअसल नई प्लेसमेंट रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (आईटीआई) में इस साल 72.3 फीसदी छात्रों ने प्लेसमेंट हासिल किया है। आईटीआई छात्रों की इस सफलता पर ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए, तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि हमारे आईटीआई में छात्रों द्वारा इतनी बड़ी संख्या में प्लेसमेंट हासिल करना बेहद खुशी और गर्व की बात है। बता दे कि दिल्ली सरकार द्वारा संचालित 19 आईटीआई में से, आईटीआई विवेक विहार और आईटीआई धीरपुर प्लेसमेंट में मामले में अव्वल साबित हुए है।

## दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए : आनंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री राजकुमार आनंद ने गुरुवार को विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी प्रमाणन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं। गौरतलब है कि विशिष्ट दिव्यांगजन पहचान (यूडीआईडी) प्रमाणन जारी करने में आने वाली बाधाओं को निपटाने के उद्देश्य से, समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में एक समीक्षा बैठक बलाई। बैठक में यूडीआईडी के लिए अधिसूचित अस्पतालों के प्रतिनिधियों, विशेष सचिव स्वास्थ्य, सचिव समाज कल्याण और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, वेबसाइट पर यूडीआईडी एप्लीकेशंस के बैकलॉग को लेकर गंभीर चर्चा हुई। अनुप्रयोगों के डिजिटलीकरण में देरी के कई कारणों की पहचान की गई, जिससे रणनीतिक समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।





# दोनों देशों के बीच रणनीति, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को मिलेगा बढ़ावा

## जयपुर में फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों और पीएम नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक रोड शो

एजेंसी ▶▶ जयपुर

गुलाबी नगरी जयपुर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पीएम नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक रोड शो हुआ। पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने राजस्थान के जयपुर में महाराजा सवाई जय सिंह द्वारा स्थापित प्रसिद्ध सौर वेधशाला जंतर-मंतर का दौरा किया। पीएम मोदी शाम छह बजे जलेब चौक से रथ में बैठकर हवामहल पहुंचे। उसके बाद हवामहल का भ्रमण किया। अल्बर्ट हॉल पर प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मिले। मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ होटल ताज पैलेस पहुंचे। यहां पीएम नरेंद्र मोदी ने रात्रि भोज की मेजबानी की।



### मोदी-मैक्रों के रिश्तों को नई मजबूती देगा जयपुर

राजस्थान में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों का दौरा सिर्फ रणनीतिक संबंधों के लिए ही नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच पर्यटन संबंधों को बढ़ावा देने को लेकर भी होगा। इसीलिए उनके साथ आने वाले डेलीगेशन में संस्कृति विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं।



### राजस्थान में यूएस के बाद सबसे ज्यादा पर्यटक फ्रांस के

पर्यटन के लिहाज से फ्रेंच ट्यूरिस्ट राजस्थान के लिए बेहद अहम है। यहां हर साल करीब 40 लाख विदेशी मेहमान आते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तादाद यूएस से आने वाले सैलानियों की होती है और दूसरे नंबर पर आते हैं फ्रेंच पर्यटक। लेकिन पर्यटन स्थलों पर खर्च करने के मामले में प्रति ट्यूरिस्ट फ्रेंच काफी आगे हैं।

### जयपुर में आते हैं 16 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक

राजस्थान के पर्यटन स्थलों में सबसे ज्यादा विदेशी सैलानी जयपुर में आते हैं। जयपुर में इंटरनेशन एयरपोर्ट होने के कारण यह ट्यूरिस्ट सर्किट का भी काम करता है। यहां पिछले साल 15 लाख 9 हजार से ज्यादा विदेशी सैलानी आए। राजस्थान के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की सुविधा के लिए बनने वाले होटले और रेस्त्रां में भी सबसे ज्यादा फ्रेंच फूड ही तैयार किया जाता है। मैक्रों जिस आमेर महल का दौरा करने पहुंचे हैं वहां पहले ही फ्रेंस पर्यटकों का दल भी मौजूद रहा। मैक्रों ने उनसे बातचीत भी की और उनसे यहां के सांस्कृतिक अनुभवों की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन के इंजन में अचानक लगी आग

**बनिहाल।** काजीगुंड रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में



काजीगुंड रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक ट्रेन के इंजन में अचानक आग लग गई। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि आग लगने के पीछे का अभी तक कारण नहीं पता चल पाया है। वहीं हादसे में किसी भी यात्री की जान जाने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। रेलवे कर्मचारी समय पर पहुंच गए।

### 4 वाहनों में भीषण टक्कर, 4 की मौत

**धर्मपुरी।** तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले में थोप्पुर घाट पर भयानक और रोंगटे खड़े कर देने वाली



घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। जबकि 8 घायल हो गए, क्योंकि चार वाहन एक-दूसरे से टकरा गए, जिसके परिणामस्वरूप यह हादसा हुआ। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की।

### डेढ़ घंटे बंद रहेगा तिलक ब्रिज

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड समारोह के मद्देनजर 26 जनवरी को नई दिल्ली में तिलक ब्रिज पर



रेल यातायात सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक अस्थायी रूप से निलंबित रहेगा। उत्तर रेलवे ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि तिलक ब्रिज पर रेल यातायात बंद होने कारण कुछ रेलगाड़ियां अस्थाई रूप से रद्द रहेंगी।

### 1.8 मिनट में खत्म कर दिया बजट भाषण

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के साथ राज्यपाल



आरिफ मोहम्मद खान की तनातनी जारी है। राज्यपाल ने गुरुवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत करते हुए अपने नीतिगत संबोधन को छोटा कर दिया और दो मिनट से भी कम समय में समाप्त कर दिया। सदन में सभी का अभिवादन करते हुए हुए उन्होंने अपना संबोधन शुरू किया।

### देवप्रयाग को जोड़ने के लिए बनेंगे तीन पुल

**देहरादून ।** ऋषिकेश से देवप्रयाग तक गंगा नदी के बीच पौड़ी जिले को जोड़ने के लिए तीन और नए



पुलों का निर्माण होगा। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने सचिव लोनिवि डॉ. पंकज कुमार पांडेय को इस संबंध में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कनेक्टिविटी की सुविधा मिलने से गंगा नदी के पार पौड़ी जिले के हिस्से में पर्यटन और अन्य गतिविधियों को मजबूती मिल सकती है।

## बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया और कहा

# बुलंदशहर से पीएम का बुलंद ऐलान कहा- आपके सारे सपने मेरा संकल्प

एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर

बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही बुलंदशहर में दो स्टेशनों से मालगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) पर न्यू खुर्जा-न्यू रेवाड़ी के बीच 173 किलोमीटर लंबी डबल लाइन विद्युतीकृत खंड का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने कहा कि राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि 22 तारीख को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए और अब यहां जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है।

बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। पीएम मोदी ने कहा कि राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को

### पश्चिमी यूपी रोजगार देने वाला प्रमुख केंद्र बना

राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय

ग्रेटर नोएडा में बनेगी एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप

नैनो यूरिया से किसानों की लागत कम होगी



### भारत का पहला नमो प्रोजेक्ट यूपी में

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का पहला नमो भारत प्रोजेक्ट पश्चिमी यूपी में ही शुरू हुआ है। यूपी के कई शहर मेट्रो सुविधा से जुड़ रहे हैं। सरकार के प्रयासों से आज पश्चिमी यूपी रोजगार देने वाले प्रमुख सेंटर में से एक बन रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज यह शहर दुनिया भर के निवेश के लिए तैयार है।

### इस क्षेत्र ने कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया

पीएम मोदी ने बुलंदशहर में कल्याण सिंह को याद किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र ने देश को कल्याण जी जैसा सपूत दिया है, जिन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज दोनों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां हैं वो अयोध्या धाम को देखकर बहुत आनंदित हो रहे होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि देश ने कल्याण सिंह और उनके जैसे अनेक लोगों का सपना पूरा किया है लेकिन अभी भी सशक्त राष्ट्र निर्माण का और सच्चे सामाजिक न्याय का उनका सपना पूरा करने के लिए हमें अपनी गति बढ़ानी है। हमें मिलकर काम करना है। राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है।



### विकसित भारत का निर्माण यूपी के विकास बिना संभव नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। लक्ष्य बड़ा हो तो उसके लिए हर साधन को जुटाना पड़ता है। सबको मिलकर कोशिश करनी पड़ती है। विकसित भारत का निर्माण भी यूपी के तेज विकास के बिना संभव नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि आज पश्चिमी यूपी को विकास के लिए 19 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स भी मिले हैं। ये प्रोजेक्ट्स रेल लाइन, हाइवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज से जुड़े हुए हैं।

### किसान हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा कि डबल इंजन से जुड़ी सरकार ने गन्ना किसानों की समस्याओं को लगातार कम करने की कोशिश की है। हमारी सरकार इथेनॉल बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज सरकार हर किसान के परिवार के चारों ओर एक पूर्ण सुरक्षा कवच बना रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसानों को उर्वरक मिलता रहे। हमारी सरकार ने लाखों करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

## राष्ट्रपति ने 75वें गणतंत्र दिवस पर कहा

# महिलाएं ही आने वाले कल को आकार देंगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं ही आने वाले कल को आकार देंगी। महिला सशक्तिकरण और महिला और पुरुष के बीच समानता अब केवल नारे नहीं रह गए हैं। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तब एक राष्ट्र के रूप में हमने मिल-जुल कर जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उनका हम उत्सव मनाते हैं।'

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हम सब एक ही हैं, और हम सभी भारतीय हैं. राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत एक गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व-मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र का स्थान ले चुका है।

### संविधान का मूल भाव लोकतंत्र

राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना 'हम, भारत के लोग', इन शब्दों से शुरू होती है। ये शब्द, हमारे संविधान के मूल भाव अर्थात लोकतंत्र को रेखांकित करते हैं। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, लोकतंत्र की पश्चिमी अवधारणा से कहीं अधिक प्राचीन है। इसीलिए भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहा जाता है। हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है। हमें अपने देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सुनहरा अवसर मिला है।

### राम मंदिर न्यायिक प्रक्रिया में आस्था का प्रमाण

उन्होंने कहा कि हमारे गणतंत्र की मूल भावना से एकजुट होकर 140 करोड़ से अधिक भारतवासी एक कुटुंब के रूप में रहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े इस कुटुंब के लिए, सह-अस्तित्व की भावना, भूगोल द्वारा थोपा गया बोझ नहीं है, बल्कि सामूहिक उल्लास का सहज स्रोत है, जो हमारे गणतंत्र दिवस के उत्सव में अभिव्यक्त होता है। हम सबने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद, मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ हुआ। अब यह एक भव्य संरचना के रूप में शोभायमान है। यह मंदिर न केवल जन-जन की आस्था को व्यक्त करता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।

## ज्ञानवापी में अगली सुनवाई 6 फरवरी को

# हिंदू पक्ष ने मांगी सर्वे रिपोर्ट की कॉपी, कोर्ट में दी अर्जी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाराणसी की ज्ञानवापी परिसर में हुए एएसआई सर्वे की रिपोर्ट के लिए हिन्दू पक्ष ने कोर्ट में आवेदन दिया है। इससे पहले बुधवार 24 जनवरी को ही जिला कोर्ट ने इस एएसआई सर्वे की रिपोर्ट दोनों पक्षों को सौंपने का आदेश दिया है। जिसके बाद आज हिन्दू पक्ष की ओर से रिपोर्ट को हासिल करने कि लिए अदालत में अर्जी दी गई है।

हिन्दू पक्ष का कहना है कि सर्वे की रिपोर्ट मिलने के बाद इस कॉपी का अध्ययन किया जाएगा। ताकि पता चल सके कि सर्वे में क्या-क्या बातें सामने आईं है।



### कोर्ट ने सर्वे की हार्ड कॉपी देने को कहा

वाराणसी जिला अदालत ने 24 जनवरी को ही ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे की रिपोर्ट दोनों पक्षों को देने का आदेश दिया था। अदालत के आदेश के मुताबिक सभी पक्षकारों को प्रार्थना पत्र देने पर सर्वे की हार्ड कॉपी मुहैया करा दी जाएगी।

## कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका

# पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार की भाजपा में हुई वापसी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु


कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी छोड़ने वाले पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार की भाजपा में वापसी हो गई है। शेट्टार को कर्नाटक में दबदबे वाली लिंगायत समुदाय का बड़ा नेता माना जाता है। हालांकि, अब तक कांग्रेस छोड़ने की वजह साफ नहीं हो सकी है। शेट्टार ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता दोबारा ली। उनके साथ दिल्ली कार्यालय में कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मौजूद रहे।



### इस्तीफे पर जमकर बरसे थे येदियुरप्पा

भाजपा की तरफ से टिकट नहीं मिलने के बाद शेट्टार और लक्ष्मण सवादी ने पार्टी छोड़ दी थी। इसके बाद येदियुरप्पा दोनों ही नेताओं पर जमकर हमलावर हो गए थे। बीते साल अप्रैल में उन्होंने कहा था, 'पार्टी ने शेट्टार और सवादी को हर संभव सभी मौके दिए।

## गणतंत्र दिवस पर उल्लास की रोशनी



गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुंबई के छत्रपति महाराज टर्मीनस को तिरंगे के रंग से रोशन किया गया।

## बंगाल में राहुल की न्याय यात्रा से ममता की दूरी

# टीएमसी ने कहा अधीर रंजन बोलते हैं भाजपा की भाषा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

इंडिया ब्लॉक में तनाव के बीच पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मेगा रैली के 12वें दिन पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गई है। हालांकि, ममता बेनर्जी ने इससे पूरी दूरी बना रखी है। टीएमसी सुप्रीमो ने कांग्रेस पर निराशा व्यक्त करते हुए दावा किया था कि उन्होंने उन्हें पश्चिम बंगाल में अपनी नियोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में भी सूचित नहीं किया। उन्होंने कहा, 'शिष्टाचार के नाते, उन्होंने मुझे यह भी सूचित नहीं किया कि वे बंगाल में यात्रा आयोजित करने जा रहे हैं।' बेनर्जी के फैसले से भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा पेश करने के विपक्ष के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई है।

न्याय भारत यात्रा के बारे में सूचना नहीं दी गई

विपक्ष के प्रयासों को लगा झटका



### चौधरी भाजपा के इशारे पर काम कर

तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन ने पश्चिम बंगाल में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन नहीं हो पाने के लिए पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के दो मुख्य विरोधी हैं: भाजपा और अधीर रंजन चौधरी। वह भाजपा की भाषा बोलते हैं। इसके साथ ही कहा कि बंगाल में गठबंधन न चल पाने के तीन कारण है। 1. अधीर रंजन चौधरी 2. अधीर रंजन चौधरी 3. अधीर रंजन चौधरी। चौधरी भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आवाज उनकी है, लेकिन शब्द दिल्ली के'।

### डेंगू, मलेरिया, कोढ़, खत्म होने का समय आ गया

कांग्रेस के असंतुष्ट नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद चेन्नई में निकाली गई शोभा यात्रा पर कमेंट करते हुए डीएमके को एक नया नाम दिया। उन्होंने कहा, 'अब तमिलनाडु में डेंगू (डी) मलेरिया (एम) कोढ़ (के) के खत्म होने का समय आ गया है। जय-जय श्री राम।' आचार्य प्रमोद कृष्णम का ये बयान तमिलनाडु सरकार के मंत्री और एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म वाले बयान का जबाव माना जा रहा है। उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार की ओर से वंशवाद को लेकर की गई टिप्पणी पर चुटकी ली है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इंडिया गठबंधन की क्या अद्भुत व्याख्या है।

## ठंड से स्कूली बच्चों की मौत

# केके पाठक सहित तीन के खिलाफ परिवाद दर्ज

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर


बिहार में कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद सभी स्कूल का संचालन



लगातार जारी है। दो-तीन दिन पूर्व बिहार के शिक्षा विभाग के अपर सचिव केके पाठक ने एक पत्र जारी कर सभी यह निर्देश कर दिया था कि किसी भी सूरत में स्कूल में छुट्टी नहीं होगी। इसको लेकर बिहार के पटना में डीएम और शिक्षा विभाग के सचिव के के पाठक के बीच विवाद भी चल रहा है।

### सर्दी में बच्चों को बुलाना अपराध

इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग बिहार के अपर मुख्य सचिव केके पाठक, संयुक्त सचिव कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव और मुजफ्फरपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह के खिलाफ अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने मुजफ्फरपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में कोर्ट परिवाद दर्ज कराया है। इसमें परिवादी के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि अमानवीय तरीके से इतनी जबरदस्त सर्दी के बावजूद स्कूल को खोल रखना और जबरन बच्चों को बुलाना एक सोची समझी साजिश और यह बड़ा अपराध है।


GOVT. OF HARYANA
हरियाणा सरकार
गणतंत्र के गौरव गान में, भारत की शान में,
आओ फहराएं तिरंगा, संविधान के सम्मान में
26 जनवरी, 2024
75वें गणतंत्र दिवस
के अवसर पर देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
"आप सभी को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
जय हिंद!"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# देश के मतदाता अपने अधिकार को पहचानें

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा भी है और सबसे पुराना भी है। मतदाता लोकतंत्र के भाग्यविधाता हैं। आज 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देश में वोटरों की स्थिति और चुनाव प्रक्रिया, राजनीतिक सुधार आदि विषयों पर विवेचना जरूरी है। जबसे भारत में मतदाताओं को लुभाने के लिए 'रेवड़ी कल्चर' ने तेजी पकड़ी है, तब से जहां एक तरफ राजनीतिक शुचिता की मांग बढ़ी है, वहीं इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए चुनाव सुधार व केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकार में वृद्धि की जरूरत भी महसूस हुई है। एक स्वायत्त संस्था होने के बावजूद चुनाव आयोग पर सत्ता पक्ष के हितों में काम करने के आरोप लगते रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चुनाव प्रक्रिया में तकनीक के इस्तेमाल को दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण कहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि केंद्रीय चुनाव आयोग संविधान प्रदत्त अपनी शक्ति व क्षमता से देश में सभी तरह के चुनावों को कराने में सफलता अर्जित की है, ईवीएम और वीवीपैट से चुनाव कराने में भारत विश्व में अग्रणी है, लेकिन इसके बावजूद न ही देश में रेवड़ी कल्चर पर रोक लग सकी है, न ही राजनीतिक दलों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है और न ही देश में अपेक्षित चुनाव सुधार हो सका है। सरकार जरूर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाती रहती है। सरकार ने 'माई वोट माई ड्यूटी' लघु फिल्म से एक वोट की शक्ति के महत्व को बताया है। इसके बावजूद मतदाताओं को प्रलोभन देने की प्रवृत्ति बढ़ी ही है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने युवा मतदाताओं में देश को बदलने की शक्ति को रेखांकित किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी चुनावों के लिए एक ही मतदाता सूची की वकालत की है। यदि ऐसा होता है तो यह बड़ा चुनावी सुधार होगा। आधार लिंक्ड स्मार्ट मतदाता पहचान पत्र बनना चाहिए। देश में 'एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' के सिद्धांत पर मतदान हो रहा है, लेकिन इस राजनीतिक प्रणाली में खामियां भी हैं। सुशासन के लिए सबसे अच्छे नागरिकों का चयन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। चुनाव से पूर्व तक मतदाता सूची अपूर्ण रहती है। निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या में बहुलता भी एक बड़ी समस्या है। राजनीति के अपराधीकरण, जाति व धर्म को केंद्र में रखकर टिकट वितरण, चुनाव में धन बल के अनुचित प्रयोग हमारी चुनाव व्यवस्था के गंभीर दोष हैं। वर्ष 1974-75 में तारकुंडे समिति, वर्ष 1990 में चुनाव सुधार पर दिनेश गोस्वामी समिति, वर्ष 1993 में राजनीति के अपराधीकरण पर वोहरा समिति, वर्ष 1998 में चुनावों में राज्य वित्तपोषण पर इंद्रजीत गुप्ता समिति, वर्ष 1998 व 2004 में चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की रिपोर्ट, वर्ष 2007 में शासन में नैतिकता पर वीरप्पा मोइली समिति, वर्ष 2010 में चुनाव कानूनों और चुनाव सुधार पर तनखा समिति की अनुशंसाओं के आधार पर चुनाव प्रणाली, चुनाव मशीनरी और चुनाव प्रक्रिया में कई सुधार किए गए हैं। मतदान की आयु 18 वर्ष की गई। ईवीएम का प्रयोग, एक्ज़िट पोल पर प्रतिबंध, चुनावी खर्च पर सीलिंग, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान, नोटा आदि उपाय भी किए गए हैं। इसके बावजूद साफ-सुथरे चुनाव चुनौती बने हुए हैं। चुनाव के दौरान नेताओं के धार्मिक स्थलों पर जाने और धार्मिक नारे लगाए जाने, पेड न्यूज़ और फेक न्यूज़ पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। एक राष्ट्र एक चुनाव की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। सबसे अधिक जरूरत मतदाता अपने अधिकार के महत्व को पहचानें और जागरूक होकर लोकतंत्र के सही अर्थ को स्थापित करें। प्रलोभन में ना पड़ें।

## सारा संसार



मोडीकुड भगवती मंदिर तमिलनाडु के कन्याकुमारी के तट पर कोलाचेल के पास स्थित मंदिर है। यह मंदिर माता भगवती की सुन्दर मूर्ती के आकर्षण के कारण लोकप्रिय बन गया है।



पुण्यतिथि

प्रो. सुरेन्द्र कुमार

# पुरुषार्थ व राष्ट्रप्रेम के अद्भुत संगम


यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं हैं, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं। चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया, जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की, वे उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं।

27 जनवरी को चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि है। आज से 13 वर्ष पूर्व 27 जनवरी 2011 को 80 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने नश्वर शरीर का परित्याग किया था। यद्यपि वे अपनी भौतिक देह से आज हमारे बीच में नहीं है, किन्तु उनका यशःशरीर आज भी हमारे बीच में विद्यमान है, जो अपनी अनंत सत्प्रेरणाओं से हमारे जैसे अनेक भूले भटके लोगों को कल्याण के मार्ग की ओर प्रेरित करता रहता है।

चौधरी मित्रसेन का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी नामक ग्राम में हुआ था। भारतीय इतिहास में यह वह समय था जब भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के पश्चात देश में स्वतंत्रता की सुगबुगाहट दूर-दूर तक फैल रही थी। भारत का उस समय का यह संयुक्त प्रांत पंजाब इस हलचल से विशेष रूप से आंदोलित था। देश के नगर-नगर, गांव-गांव में नर और नारी देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए जाने वाले संघर्षों के लिए स्वयं को संकल्पित कर रहे थे। ऐसे देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत वातावरण में चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म हुआ। आपके पिता चौधरी शीशराम पेशे से किसान थे और आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए अवैतनिक रूप से उपदेशक का कार्य भी करते थे। भारत की स्वतंत्रता का शंखनाद करने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा संस्थापित आर्य समाज की विचारधारा के उपदेशक, देशप्रेमी पिता के संस्कारों की छाप बालक मित्रसेन पर भी पड़ी।

10 वर्ष की आयु तक सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन तभी काले मोतियाबिंद के कारण पिता चौधरी शीशराम की आंखों की रोशनी सदा के लिए चली गई। विपत्ति अकेले नहीं आती की कहावत चरितार्थ हुई और चाचा हरिदास जी और बलवंत जी की छत्रछाया भी परिवार के ऊपर से उठ गई। परिवार के सामने उपस्थित हुए इस गहरे संकट के समय बालक मित्रसेन को अपनी तीसरी कक्षा की पढ़ाई बीच में ही छोड़कर बहुत कम आयु में ही खेती का काम संभालना पड़ा।

पिता और परिवार से मिले संस्कारों के बलबूते दृढ़ संकल्पों से भरे हुए बालक ने परिवार की बागडोर बखूबी संभाल ली। खेती का काम संभालते ही बुद्धिमान व पुरुषार्थी बालक ने यह जल्दी ही समझ लिया कि बिना उद्योग के केवल अकेले खेती के सहारे अपेक्षित प्रगति कर पाना बहुत मुश्किल है। अतः उन्होंने रोहतक में लेथ एंड इंजिन बोरिंग की मशीन पर कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फिर 1949 में कुछ समय तक सोनीपत में एटलस साइकिल में नौकरी की, उसके बाद 1950 में रोहतक के बिजली घर में कार्य किया। इन सभी स्थानों पर कार्य करते हुए युवक मित्रसेन ने तकनीकी काम में महारत हासिल कर ली और इसके बाद 1954 में उदयपुर के कारखाने में कार्य किया। इस समय तक उन्हें इस क्षेत्र का पर्याप्त अनुभव हो चुका था। अतः उन्होंने उदयपुर में कार्य करते करते यह संकल्प किया कि अब अपना ही उद्योग आरंभ करना चाहिए और इस दृढ़ संकल्प के




साथ 1955 में उन्होंने लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना रोहतक में स्थापित किया।

बचपन में ही परिवार से देशप्रेम के जो संस्कार मिले थे वे युवा होते-होते इतने परिपक्व हो गए के 1957 के हिंदी सत्याग्रह में उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया और सत्याग्रह करते हुए एक महीने से अधिक का समय जेल में बिताया। जीवन में कार्यकुशलता, पुरुषार्थ राष्ट्रप्रेम का जैसा बेजोड़ संगम चौधरी मित्रसेन जी के जीवन में देखने को मिलता है वैसा अद्भुत संगम अन्यत्र खोज पाना बहुत कठिन है। एक ओर उनके उद्योग का विस्तार रोहतक से उड़ीसा प्रांत के बड़विल होते हुए देश और विदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक जा पहुंचा और दूसरी ओर वे समाज के हितकारी कार्यों को भी अपने समय, श्रम और धन से निरंतर आगे बढ़ाते रहे। उन्होंने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी बुद्धिमत्ता, पुरुषार्थ, साहस और उदारता से जो मानदंड स्थापित किए हैं वे अतुलनीय हैं। चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया। जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की वे मर्यादाएं उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं। उनके परिवार के सभी सदस्य धार्मिक, ईश्वर उपासक, गुणानुरागी, राष्ट्रभक्त और पंच महायज्ञों के अनुष्ठाता हैं। प्रायः लक्ष्मी उपासकों के घर में सरस्वती का निवास नहीं देखा जाता, पर आपके परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का निवास है। आपकी और परिवार की सारस्वत अभिरुचि का ही यह परिणाम है कि आपके आश्रम तुल्य घर की चारदीवारी पर अंकित सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक के आर्यावर्त के इतिहास की गौरवमयी झलकियां रोमांचक हर्षातिरेक का अनुभव कराती हैं। खांडाखेड़ी गांव में निर्मित मित्र स्मृति स्तंभ में प्रस्तुत की गई झलकियों से यह स्पष्ट तौर पर प्रतीत होता है कि उनका परिवार उनके आदर्शों पर चलते हुए उनकी आर्थिक विरासत के साथ-साथ सामाजिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत के सहेजने के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो गए हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं है, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं कि- "सफलता का मूलमंत्र है आस्तिक भाव से उस ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए नेक इरादे और सच्चे मन से हंसते हंसते पुरुषार्थ करना" और यह कि "जिस भी समाज में आप रह रहे हैं उसमें इस तरह से रहना कि पड़ोसी को आपकी वजह से तकलीफ न हो। मन, वाणी और हाथ पैर से अपने से कमजोर को कभी हानि नहीं पहुंचाएं। अपने से कमजोर की रक्षा करना समर्थ की जिम्मेदारी है। जो मनुष्य सामर्थ्यवान होकर अपने से कमजोरों के प्रति दया, क्षमा और करुणा का भाव नहीं रखता वह समाज के लिए पशु से भी भयंकर है।"

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## शिवत्व की साधना



संकलित

दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित

प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

दरकार

डॉ. रमेश ठाकुर




# कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसें

कोचिंग संस्कृति पर लगाम के लिए बीते एकाध दशकों में केंद्र सरकार की ओर से कई मर्तबा आदेश पारित हुए, जिनमें बंदिशों के कई तरह के दिशा-निर्देश शामिल रहे, पर किसी भी सरकारी आदेशों को कोचिंग संस्थानों ने ज्यादा दिनों तक नहीं माना? जैसे ही शोर कम हुआ, फिर से मनमानी शुरू कर दी। अब फिर से कोचिंगों पर नया सरकारी आदेश जारी हुआ है, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों को कोचिंग की मनाही बताई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का ये कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन बात वहीं आकर अटक जाती है, ये आदेश कब तक और क्या गारंटी है कि ये आदेश कोचिंग वाले तत्काल प्रभाव से मानेंगे। आदेश अगर मुकम्मल हो जाए, तो राजस्थान कोटा में आए दिन छात्र आत्महत्या नहीं करेंगे। खैर, पुरानी बातों को छोड़कर अब कोचिंग संस्कृति पर लगाम की इस नई पहल पर व्यापक रूप से बहस की दरकार है। आमजन से लेकर हुकूमतें भी अब जान चुकी हैं कि कोचिंग सेंटर किस तरह से शिक्षा के नाम पर गोरखधंधा करने लगे हैं। वह शिक्षा और छात्रों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय ने अपने आदेश में 16 साल से कम उम्र के छात्रों का जिक्र किया है। लेकिन सच्चाई इससे भी कहीं इतर है। यहां आर्मी स्कूलों में दाखिले का जिक्र करना जरूरी हो जाता है जहां, छात्रों को तो 10 उम्र से ही कोचिंग लेने पर विवश किया जाता हैं। शायद सरकार का इस ओर ध्यान नहीं गया। देश में 33 अधिकृत सैनिक स्कूलों के अलावा 5 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल और एक राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज है जिनमें दाखिले की परीक्षा यूपीएससी के बराबर मानी है, वहां बिना कोचिंग के छात्र परीक्षा किसी भी सूरत में पास नहीं कर सकता। सामान्य स्कूलों के छात्र सैनिक स्कूलों की एंट्रेंस परीक्षा नहीं निकाल सकते, इसलिए उन्हें मजबूरी में कोचिंग लेनी पड़ती है। ऐसी परीक्षाओं का पैटर्न हल्का किया जाए, इस ओर शिक्षा मंत्रालय को ध्यान देने की जरूरत है। आर्मी स्कूलों की परीक्षाओं का सिलेबस बहुत कठिन रखा जाता है। तभी इन परीक्षा को पास करवाने के लिए देशभर में सैकड़ों डिफेंस एकेडमियां संचालित हो रही हैं। वो अभिभावकों से मुंह मांगा पैसा वसूलती हैं। वहां कोई सरकारी सख्ती नहीं है, इसलिए इन पर सबसे पहले नकेल कसने की आवश्यकता है। कोचिंग के चक्रव्यूह में फंसना अब छात्रों-अभिभावकों की मजबूरी भी बन गई है। जिस छात्र को अगर चोटी की प्रतियोगी परीक्षा पास करनी है, तो उसके जेहन में अव्वल ख्याल कोचिंग संस्थाओं की ओर ही दौड़ता है। यूपीएससी के लिए दिल्ली का मुखर्जी नगर हो या जेई-इंजीनियरिंग के लिए राजस्थान का कोटा? कागजों में ये उच्च शिक्षा के लिए 'महाकुंभ' बन गए हैं, पर दुर्भाग्य ये है, दोनों स्थान अब 'आत्महत्या' के लिए भी मशहूर हो गए हैं। दिल्ली में भी ऐसा ही हाल है जहां दस हजार से भी ज्यादा कोचिंग संस्थाएं इस वक्त संचालित हैं जो अपनी कमाई का एक तिहाई हिस्सा सरकार को देती हैं। इसके अलावा दूसरे तरीकों से पुलिस-प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभागों को चढ़ावे के रूप में भी ये संस्थाएं धन लुटाती हैं। इसके बाद सहज अनुमान लगा सकते हैं कि आखिर कोचिंग माफिया खुलेआम मनमानी क्यों न करें?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

विचार

गौतम अदाणी



# अदाणी समूह पर हुए हमले को किया विफल

हमें अतीत में जीना नहीं चाहिए लेकिन उससे सीख लेते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। आज का दिन भी ऐसा ही मौका है। ठीक एक साल पहले न्यूयार्क स्थित शार्ट सेलर फर्म ने तथा कथित शोध रिपोर्ट पेश करते हुए अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों का संकलन सार्वजनिक किया था। संकलन इसलिए कहा क्योंकि उसमें उल्लेखित तमाम आरोप, हमारे विरोधी समय-समय पर पहले भी लगाते रहे थे। कुल मिलाकर, यह प्रकट और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी से प्राप्त चुनिंदा अर्धसत्यों का एक चालाकी से तैयार किया गया मसौदा भर ही था। इन आरोपों को सिरे से खारिज कर हमने त्वरित प्रतिक्रिया दी लेकिन हमारी प्रतिक्रिया पर इस बार तथ्यहीन आरोप हावी हो रहे थे। शेयर बाजार और राजनीतिक बयानबाजी ने हमें कुछ ही समय में मामले की गंभीरता का अहसास करा दिया था।

शॉर्ट-सेलिंग हमलों का प्रभाव आम तौर पर वित्तीय बाजारों तक ही सीमित होता है। लेकिन यह एक अनोखा द्वि-आयामी हमला था - एक वित्तीय और दूसरा राजनैतिक। दोनों क्षेत्रों का प्रभाव एक दूसरे पर पड़ा। मीडिया में कुछ लोगों की सहायता और प्रोत्साहन से हमारे खिलाफ झूठ इतना प्रभावी था कि हमारे पोर्टफोलियो की जमीनी वास्तविकतायें धूल धूसरित होती महसूस हो रही थीं। ऐसा इसलिए था क्योंकि आमतौर पर पूंजीबाजार तर्कसंगत से अधिक भावनात्मक होते हैं।

मुझे अधिक चिन्ता इस बात की हो रही थी कि हजारों छोटे निवेशकों अपनी बहुमूल्य बचत खो रहे थे। साथ ही, देश के लिहाज से भी चिंता का विषय यह था कि यदि हमारे विरोधियों की योजना पूरी तरह से सफल हो जाती तो डोमिनो प्रभाव (एक के प्रभाव से दूसरे का गिरना) से बंदरगाहों, हवाई अड्डों से लेकर बिजली उत्पादन-आपूर्ति श्रृंखला तक कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की संपत्तियों को नुकसान पहुंच सकता था। यह किसी भी देश के लिए एक भयावह स्थिति ही होती। लेकिन ईश्वर की कृपा और तमाम साथियों की सामूहिक कोशिशों से हम इस संकट से उभरे और मजबूत स्थिति में पहुंच गए। इस मुश्किल वक्त में वित्तीय निवेशक, ऋणदाता और रेटिंग एजेंसी सहित वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञ,इस झूठ की सुनामी में भी पूरी ताकत से हमारे सच की पतवार को थामे रहे। इसकी वजह यह थी, उन्हें कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति एवं गवर्नेंस की गहराई से जानकारी थी।

लिहाजा, हमने दशकों से अपनाई पारदर्शी तथ्य और सत्य पर आधारित कार्यपद्धति को ही रणनीति का आधार बनाया। हमारा पहला निर्णय अपने निवेशकों की सुरक्षा करना था। 20 हजार करोड़ रुपये का एफपीओ पूरा सब्सक्राइब हो जाने के बाद भी हमने वह राशि निवेशकों को वापस लौटाने का फैसला लिया। दुनिया के कॉर्पोरेट इतिहास में अभूतपूर्व इस कदम ने निवेशक कल्याण और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

इस युद्ध के कुहासे भरे माहौल में हमारा सबसे बड़ा हथियार नकद पूंजी की पर्याप्त उपलब्धता भी थी। हमारे मजबूत नकदी भंडार में 30 हजार करोड़ रुपये थे। इसके अलावा, कंपनियों हमने अपनी हिस्सेदारी को घटाकर अतिरिक्त 40 हजार करोड़ रुपये जुटाए, इससे हमारी वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई। यह राशि अगले दो वर्षों के लिए कर्ज चुकाने के बराबर थी। इसके लिए हमारी मदद वित्तीय बाज़ार में विश्वस्तरीय बेदाग़ वित्तीय संस्था जैसे जीक्यूजी पार्टनर्स और क्यूआईए ने की। ऐसी संस्थाओं का साथ मिलने से बाकी वित्तीय संस्थानों का भरोसा हमारे प्रति बढ़ा।

बैंकों को मार्जिन-लिंक्ड फाइनेंसिंग के 17 हजार 500 करोड़ रुपये का प्री-पेमेंट करके कंपनी के शेयरों को बंधन मुक्त कर हमने अपने पोर्टफोलियो को बाजार की अस्थिरता से बचाया और रिंग-फेंस किया। इन विपरीत परिस्थितियों से निपटने की जिम्मेदारी स्वयं पर लेते हुए मैंने अपने साथियों को स्पष्ट तौर से व्यवसायों के संचालन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। वह किस कदर सफल भी रहे इसका अंदाजा इस बात से लगायें कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 47% की रिकॉर्ड तोड़ मुनाफे में वृद्धि हुई। साथ ही अदाणी पोर्टफोलियो ने वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी अपना अब तक का सबसे अधिकलाभ दिया। इससे साफ जाहिर हो रहा था कि हम ठीक दिशा में आगे जा रहे हैं।

हमने अपने वित्तीय और गैर-वित्तीय हितधारकों के लिए एक व्यापक जुड़ाव कार्यक्रम भी चलाया। अकेले वित्तीय टीम ने शुरुआती 150 दिनों में दुनिया भर में करीब 300 बैठकें कीं, जिससे नौ रेटिंग एजेंसियों द्वारा 104 संस्थाओं की रेटिंग की पुष्टि सुनिश्चित की गई। बैंक, निश्चित आय निवेशक, वेल्थ फंड, इक्विटी निवेशक, जेवी पार्टनर और रेटिंग एजेंसियां हमेशा से हमारे प्रमुख हितधारक रहे हैं, क्योंकि उनके द्वारा की गई व्यापक जांच और सूक्ष्म समीक्षा ही हमारी पारदर्शी कार्य व्यवस्था को रेखांकित और मजबूत करती है। हमने तथ्यों को पारदर्शी ढंग से रखने और हम पर हमला करने वालों के इरादों को उजागर करने के प्रकरण में अपना पक्ष बताने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित किया। इससे हमारे समूह के खिलाफ नकारात्मक अभियानों का प्रभाव कम हो गया। सार्वजनिक धारणा में बदलाव का एक प्रमाण हमारे शेयरधारक आधार में महत्वपूर्ण वृद्धि है, जो फॉलो-ऑन सार्वजनिक पेशकश (**Follow -On Public Offering**) का प्राथमिक लक्ष्य था। इस चुनौतीपूर्ण वर्ष में, हमारे शेयरधारकों में 43% की वृद्धि हुई, जो लगभग 70 लाख तक पहुंच गई है।

हम अभी भी अपनी विकास गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समूह ने अपना निवेश जारी रखा, जिसका प्रमाण हमारी परिसंपत्ति आधार में 4.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि है।इस अवधि में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन साइट खावड़ा में काम शुरु हुआ और इसके साथ ही एक नया कॉपर स्मेल्टर, ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट सहित बहुप्रतीक्षित मुंबई की धारावी का पुनर्विकास कार्यक्रम पर भी काम शुरु हुआ।

इस संकट ने हमारी एक बुनियादी कमजोरी को उजागर किया था कि हमने अपनी क्षमता और कार्य को आम जन तक नहीं पहुंचाया था। हमें समझ आया कि वित्तीय क्षेत्र से बाहर आम लोगों को यह पता ही नहीं है कि हमारा बुनियादी ढांचा कितना मजबूत है या अदाणी समूह ने अब तक क्या किया है या क्या कर रहा है? इसके आकार, पैमाने और गुणवत्ता के बारे में हम इस भुलावे में थे कि समाज में सभी गैर-वित्तीय हितधारक भी हमें और हमारी सच्चाई को जानते हैं।वह यह जानते ही होंगे कि हमारी वित्तीय स्थिति मजबूत है, हमारी कार्य प्रणाली त्रुटिहीन है, विकास के लिए हमारा रोडमैप स्पष्ट है और भारत के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण में हम महती भूमिका निभा रहे हैं।

खैर! इस अनुभव ने हमारे गैर-वित्तीय हितधारकों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। हमारे ऊपर कई तथ्यहीन आरोप थे जैसे, हमारी कंपनियों की क्षमताओं के अनुपात में कर्ज बहुत ज्यादा है। जबकि वास्तविकता ये है कि हमारा कर्ज, हमारी समकक्ष कंपनियों की तुलना में कम है। इसके अलावा यह भी आक्षेप थे कि किसी राजनीतिक दल विशेष का संरक्षण, हमारी सफलता का कारण है। लेकिन सच ये है कि हमारा समूह अलग-अलग राजनीतिक दलों द्वारा शासित 23 राज्यों में बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और यह तभी संभव है जब हम राजनीतिक रूप से निरपेक्ष है। बहरहाल, हमने अपने गैर वित्तीय संवाद पर भी ध्यान दिया और उसके बेहतर परिणाम भी दिखने लगे है।

निःसंदेह, पिछले एक वर्ष के घटनाक्रम ने हमें मूल्यवान सबक तो दिये है साथ ही हमें मजबूत भी बनाया। मुझे अपनी सीख आप सभी से साझा करना इसलिये आवश्यक लगा क्योंकि आज मैं निशाने पर हूं कल कोई और भी ऐसे षडयंत्र का शिकार हो सकता है।

लेकिन हम संकल्पबद्ध हैं। राष्ट्र विश्व पटल पर विकास के नए सोपान तय कर रहा है। अपने सभी साथियों की ओर से बड़ी विनम्रता के साथ यह कहना चाहता हूं कि राष्ट्र निर्माण के इस यज्ञ में हम अपने उच्च नैतिक मूल्यों ,पारदर्शी कार्यप्रणाली और विश्वस्तरीय गुणवत्ता के उपक्रमों के माध्यम से आहूति देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## ट्रेंड

### महिला सशक्तिकरण



भारत की रक्षा शक्ति में नारी शक्ति की भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीवन के हर क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण हो रहा है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर, देश की नारीशक्ति का भव्य स्वरूप, भारत ही नहीं पूरे विश्व को दिखाई देगा।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### संभावनाएं सुलभ होती



धान्य पूर्णिमा उस समय का प्रतीक है जब उच्च संभावनाएं उन सभी के लिए सुलभ होती हैं जो ग्रहणशील होते हैं। यह पूर्णिमा आपके जीवन को सर्वोत्तम तरीके से बढ़ाने और आध्यात्मिक प्रयास की अधिकतम फसल प्राप्त करने में सहायता करे।

-सद्गुरु, आध्यात्मिक गुरु

### कोई जवाब देगा



रामलला मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा धार्मिक आयोजन था या राजनीतिक? यह सनातन धर्म शास्त्र के अनुसार था या नहीं था? मैं हिन्दू धर्म प्रेमियों से पूछना चाहता हूं क्या निर्माणाधीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होते देखी है? यजमान बिना पत्नी के बैठता है क्या?

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### जीत सकते हैं पांच लाख



मैं मुंबई उत्सव के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में हूं। स्टार्टअप मुंबई चैलेंज जहां प्रसिद्ध उद्यमियों का एक टर्बोचार्ज पैनल स्थिरता के क्षेत्र में स्टार्टअप्स की पिचें सुन रहा है। विजेता पांच लाख तक जीत सकते हैं। पिचें शुरू होने से पहले, पैनल उद्यमिता पर एक संवाद में लगा हुआ था।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

# गणतंत्र दिवस

26 जनवरी

## की हार्दिक शुभकामनाएं

''इस गणतंत्र दिवस पर आइए हम अपने बहादुर योद्धाओं को नमन करें और मिलकर भारत को नं.1 बनाने का संकल्प लें। जय हिंद! ''

— अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली



DIP/Shabdarth/Display/0126/23-24

Directorate of Information and Publicity, Govt of NCT of Delhi

## आरबीआई डिजिटल मुद्रा को बेहतर बनाने में लगी

# डिजिटल मुद्रा पर सरकार, आरबीआई सक्रियता से कर रहे काम: सीतारमण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सक्रिय रूप से केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं ताकि इसका उपयोग सीमापार भुगतान के लिए किया जा सके।

आरबीआई ने पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया है और नौ बैंकों - भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी... को इसके लिए चुना है।

### खुदरा लेन देन 1 दिसंबर 2022 से शुरू किया गया

इसके अलावा, आरबीआई ने खुदरा लेन-देन के लिए एक दिसंबर, 2022 को पायलट आधार पर सीबीडीसी या ई-रुपया शुरू किया। ई-रुपया एक डिजिटल टोकन के रूप में है जो कानूनी रूप से वैध मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इसे कागजी मुद्रा और सिक्कों के समान मूल्यवर्ग में जारी किया जा रहा है। इसे बैंकों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है।

### ई-रुपए में लेनदेन कर सकेंगे

उपयोगकर्ता पायलट परियोजना में शामिल बैंकों द्वारा पेश डिजिटल वॉलेट के माध्यम से ई-रुपये से लेनदेन कर सकते हैं। हिंदू कॉलेज के 125 साल पूरे होने के अवसर पर एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा, 'हमें पूरा विश्वास है कि यह सीमापार भुगतान में मदद करेगा। यह अधिक पारदर्शिता लाएगा...।'





### सरकार का ध्यान विनिर्माण और कृषि क्षेत्र पर

भारत को 'विकसित देश' बनाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान विनिर्माण और कृषि पर होगा। सीतारमण ने कहा, 'कृषि ने अपनी प्रधानता बरकरार रखी है और हम फसल कटाई के बाद की गतिविधियों आदि को आधुनिक बनाकर कृषि को मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं।'

- इसका उपयोग सीमापार भुगतान में किया जा सके
- पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया गया

*विनिर्माण क्षेत्र में 13 उभरते क्षेत्रों की पहचान : वित्त मंत्री ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में, सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, मशीन लर्निंग, पृथ्वी विज्ञान और अंतरिक्ष सहित 13 उभरते क्षेत्रों की पहचान की है।*

### पैसा देश में लाने की लागत घटेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि यह लागत में कमी लाने के साथ भुगतान में तेजी लाने में मदद करता है। इससे पैसा बाहर भेजने या देश में लाने की लागत में कमी आती है। वित्त मंत्री ने कहा, 'नियामक और सरकार दोनों इसपर काम कर रहे हैं...।'

### सामाजिक योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्णता के करीब

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार गरीबों को बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए बनाई गई सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर 'पूर्ण लक्ष्य' तक पहुंचने के करीब है। सीतारमण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ''अब समय आ गया है कि भारत आर्थिक रूप से 'आत्मनिर्भर' बने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़े।''

### आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी

पहले योजनाओं पर तेजी से काम नहीं होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''हमने एक विकसित भारत के लिए नींव रखी है और सभी को बुनियादी जरूरतें प्रदान करके लोगों को सशक्त बनाया है।'' उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार के पास घर, सड़क आदि उपलब्ध कराने की योजनाएं थीं, लेकिन उनपर तेजी से काम करने की भावना गायब थी। आजादी के 50 या 60 साल बाद भी लगभग 50 प्रतिशत आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी।

### सरकार का उद्देश्य लोगों को सशक्त बनाना

वित्त मंत्री ने कहा, ''यह साफ है कि 2014 से लेकर अबतक हमने तेजी के साथ काम किया है और योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाने पर ध्यान दिया। हमने मानदंड आगे बढ़ाया है तथा आप इसे और आगे ले जाएंगे। सुनिश्चित करें कि हर कोई जो वास्तव में इसे पाने के योग्य है।

## बजट आर्थिक वृद्धि को गति देने वाला होगा

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत का मानना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने अंतरिम बजट में विनिर्माण को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़ी राशि निर्धारित करने और कराधान मोर्चे पर राहत देते हुए सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं पर अधिक ध्यान देंगी। सीतारमण एक फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरित बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट है। उद्योग जगत का कहना है कि सरकार के लिए देश में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाना जरूरी है क्योंकि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।



## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम**: नामालूम, **पुत्र**: नामालूम, **पता**: नामालूम, **उम्र**: 45 साल, **कद**: 5'4", **रंग**: सांवला, **शरीर**-पतला, **चेहरा**-लम्बा, **पहनावा**-नीले रंग की जैकेट पहने हुए है । जो दिनांक 21.12.2023 को रानी खेड़ा रोड, एनआर कंस्ट्रक्शन, हाईवे के साइड कंझावला, दिल्ली में मृत पाया गया । जिसे संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल, मंगोलपुरी, दिल्ली में भर्ती किया गया । जो दिनांक 22.12.2023 को इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित किया गया । इस संदर्भ में **डीडी संख्या. 7A दिनांक 22.12.2023 को पुलिस थाना कंझावला, दिल्ली** में दर्ज है ।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना कंझावला, दिल्ली

DP/977/RD/2024 Ph. : 011-25951486, 25952485, 8750870324





## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(वेबसाइट : www.hssc.gov.in)

### स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा सूचना

**विज्ञा. सं. 03/2023 के तहत ग्रुप 58, 59 और 60 के अन्तर्गत श्रेणी सं. 390, 391, 392, 393, 394, 395 और 396 हेतु सीईटी ग्रुप-सी पदों (द्वितीय चरण) के स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को सूचना**

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग विज्ञा. सं. 03/2023 के तहत ग्रुप 58, 59 और 60 के अन्तर्गत श्रेणी सं. 390, 391, 392, 393, 394, 395 और 396 हेतु सीईटी ग्रुप-सी पदों (द्वितीय चरण) की स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा 05.02.2024 से 11.02.2024 तक निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुरूप आयोजित करेगा :-

**कार्यक्रम**

| क्र. सं. | पद का नाम | श्रेणी सं. | परीक्षा की तिथि, पारी व समय | परीक्षा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टेनो-टाइपिस्ट (हिन्दी) | 396 | **05.02.2024**<br>**प्रथम पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे<br>**द्वितीय पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे<br>**तृतीय पारी**<br>प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | -उक्त- |
| 2. | स्टेनो-टाइपिस्ट (अंग्रेजी) | 395 | **06.02.2024 और 07.02.2024**<br>**प्रथम पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे<br>**द्वितीय पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे<br>**तृतीय पारी**<br>प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | |
| 3. | सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी)<br>और<br>जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) | 393<br>और<br>394 | **08.02.2024 और 09.02.2024**<br>**प्रथम पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे<br>**द्वितीय पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे<br>**तृतीय पारी**<br>प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | प्रवेश-पत्र के अनुरूप |
| 4. | स्टेनो-टाइपिस्ट (दोनों) | 392 | **10.02.2024**<br>**प्रथम पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे<br>**द्वितीय पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे<br>**तृतीय पारी**<br>प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | |
| 5. | सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर (दोनों)<br>और<br>जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (दोनों) | 390<br>और<br>391 | **11.02.2024**<br>**प्रथम पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 07:30 बजे से पूर्वा. 08:30 बजे तक (पूर्वा. 08:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - पूर्वा. 09:00 बजे<br>**द्वितीय पारी**<br>प्रवेश समय - पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (दोपहर 12:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 12:30 बजे<br>**तृतीय पारी**<br>प्रवेश समय - अप. 02:30 बजे से अप. 03:30 बजे तक (अप. 03:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं)<br>परीक्षा प्रारम्भ समय - अप. 04:00 बजे | |

टिप्पणी : उपरोक्त स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा हेतु विस्तृत निर्देश आयोग की वेबसाइट अर्थात **www.hssc.gov.in पर पहले ही उपलब्ध हैं।**

उम्मीदवारों की स्टेनोग्राफी शॉर्टहैंड और ट्रांसक्रिप्शन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर 01.02.2024 से अपलोड किये जाएंगे। सभी शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार (श्रेणीवार सूची आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर शीघ्र ही अधिसूचित की जाएगी) जो उपरोक्त ग्रुपों में परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, अपने प्रवेश-पत्र 01.02.2024 से डाउनलोड कर सकते हैं। **उम्मीदवारों को परीक्षा में आने से पूर्व प्रवेश-पत्र पर निर्देशों को बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ना और इनका सख्ती से पालन अवश्य करना चाहिए।**

**टिप्पणी : यदि कोई उम्मीदवार जो इन श्रेणियों के तहत आवेदन कर चुका है परन्तु आयोग द्वारा अपलोड किए गए उसके अनुक्रमांक प्राप्त नहीं करता है, तो उम्मीदवार आयोग कार्यालय में सभी सम्बद्ध दस्तावेजों सहित 03.02.2024 को अप. 2.00 बजे तक उपस्थित हो सकता है।**

आयोग द्वारा डाक के माध्यम से उम्मीदवारों को अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएंगी।

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 24 जनवरी 2024

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/610/2024/24491/88/7 दि. 25.01.24



## चार कंपनियों को आईपीओ लाने सेबी की हरी झंडी

- एंटेरो हेल्थ केयर 1000करोड के नए शेयर जारी करेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस, जेएनके इंडिया, एक्जिकॉम टेली सिस्टम्स और एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए शेयर बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने स्टालियन इंडिया फ्लूरोकेमिकल्स के आईपीओ दस्तावेजों को लौटा दिया है। सेबी के पास 19 जनवरी तक आईपीओ दस्तावेजों की स्थिति के अनुसार नियामक ने चार कंपनियों को शुरुआती शेयर बिक्री की मंजूरी दी है। सेबी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इन कंपनियों ने आईपीओ दस्तावेज जून से अक्टूबर के बीच जमा कराए हैं। इन कंपनियों को मंजूरी पत्र 16-19 जनवरी के बीच मिले। एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस के दस्तावेजों के अनुसार, इसके आईपीओ में 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे जबकि इसमें 85.57 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी होगी। एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस की स्थापना 2018 में प्रभात अग्रवाल और प्रेम सेठी ने की थी। जेएनके इंडिया के आईपीओ में 300 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे।




## सोना 150 रुपए टूटा, चांदी 200 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 150 रुपये के नुकसान के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 200 रुपये की मजबूती के साथ 76,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 150 रुपये की गिरावट के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।'' वैश्विक बाजारों में सोना पिछले बंद भाव के मुकाबले 10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,016 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। हालांकि, चांदी मामूली तेजी के साथ 22.78 डॉलर प्रति औंस पर थी।



## ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240





## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



### पेज-एक का शेष

## पीएम मोदी और...

स्वीकार किया। इस दौरान सड़क के दोनों किनारे लोगों की भारी भीड़ जमा रही। रोड शो में सड़क के दोनों तरफ तालियां बजती रहीं। पुष्प वर्षा होती रही। इससे पहले पीएम मोदी ने जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर में मैक्रों का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक जंतर मंतर का अवलोकन किया तथा उसके बारे में जाना। मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हैं। मैक्रों इससे पहले विशेष विमान से सीधे जयपुर पहुंचे। हवाई अड्डे पर राज्यपाल कलराज मिश्र, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनका स्वागत किया। शाम को होटल रामबाग पैलेस में द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों नेता रात में दिल्ली पहुंच गए।



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1.मोहसिन पुत्र मो. यामीन 2.कहकशां पत्नी मोहसिन** निवासीगण मकान नं. B-5/33A & A-15/115A, DDA, फ्लैट्स, इंद्रलोक, दिल्ली, **3.फरदीन पुत्र मोहम्मद आस्कीन 4.फरमान पुत्र मोहम्मद आस्कीन** निवासीगण मकान नं. B-7/56B & A-15/115A, DDA, फ्लैट्स, इंद्रलोक, दिल्ली ने **FIR. 917/23 दिनांक.12.12.2023 U/s 395/394/397/354/427/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **सराय रोहिल्ला,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.मोहसिन 2.कहकशां 3.फरदीन 4.फरमान** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1.मोहसिन 2.कहकशां 3.फरदीन 4.फरमान,** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)

इसलिए इनके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. 917/23 दिनांक.12.12.2023 U/s 395/394/397/354/427/34 IPC.,** थानाः **सराय रोहिल्ला,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **1.मोहसिन 2.कहकशां 3.फरदीन 4.फरमान,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**

DP/884/N/2024

**श्री मनुज कौशल, Ld. MM,**
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली



## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 360 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 360 अंक के नुकसान में रहा। वहीं निफ्टी 21,400 अंक से नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 359.64 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,700.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 741.27 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के 19 शेयर नुकसान में जबकि 11 लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 101.35 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,352.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने और कंपनियों के मिले-जुले वित्तीय परिणाम के साथ विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाली कर रहे हैं। आईटी, औषधि और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई जबकि रियल्टी तथा ऊर्जा शेयर लाभ में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया।



## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु**: 40 वर्ष, **रंग**: सांवला, **कद**: 5'4", जिसने काले रंग की पैंट और हल्के काले रंग की कमीज पहनी थी, जो जीटीबी पुलिस स्टेशन के सामने, दिल्ली में दिनांक 25.07.2023 को रात्रि 8:00 बजे मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 134ए, दिनांक 25.07.2023 को थाना सीमापुरी, दिल्ली में** दर्ज है।


यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना सीमापुरी, दिल्ली**

DP/1010/SHD/2024 फोन: **011-22599397, 22599394**



## शब्द पहेली - 5406



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5405 का हल



## सूडोकु नवताल - 5416

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 5415 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# आस्ट्रेलियन ओपन : बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब से एक जीत दूर, फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से अब बस एक जीत दूर है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ यहां आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन की जोड़ी को गुरुवार को तनावपूर्ण सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया।

करीब दो घंटे तक चले मैच में सुपर टाइ ब्रेकर्स में उनका अनुभव काम आया। झांग विश्व रैंकिंग में 54वें और माचाक 75वें स्थान पर हैं। दोनों एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में होने के साथ बेहद शानदार खिलाड़ी हैं और उन्होंने बोपन्ना तथा एबडेन को कड़ी चुनौती दी। एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया था।

## सिमोन-आंद्रिया से होगा सामना

बोपन्ना ने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे हैं लेकिन ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। बोपन्ना और एबडेन का सामना अब इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगा जिन्होंने जर्मनी के यानिक हांफमैन और डोमिनिक कोफेर को 6-3, 3-6, 7-6 से हराया।

### युगल सेमीफाइनल में माचाक-झिंझेन को 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया



'सर्किट पर हमने कई सुपर टाइब्रेकर खेले हैं। हमारे प्रतिद्वंद्वियों का रिटर्न बेहतरीन था जिससे हमें सर्विस मजबूत रखनी थी। एबडेन के साथ मेरा तालमेल अच्छा रहा है।'

-रोहन बोपन्ना

'मैं बहुत खुश हूं। घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास रहा। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। युगल विशेषज्ञों का सामना एकल विशेषज्ञों से था और दर्शकों को मजा आया होगा। हम काफी मेहनत कर रहे हैं और अब एक मैच बाकी है।'

- मैथ्यू एबडेन



## सबालेंका ने गॉफ को हराया

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को यहां कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन से होगी। झेंग पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खेल रही हैं। पिछले साल यहां खिताब जीतने वाली सबालेंका मेलबर्न पार्क पर लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं। सेरेना ने 2015, 2016 और 2017 में लगातार तीन साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी।

## खबर संक्षेप



### देवी को मुख्य कोच बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने गुरुवार को सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम के मुख्य कोच पद के लिए पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लैंगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश की। चाओबा दो एएफसी महिला चैंपियनशिप और 1998 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वह पहले सीनियर महिला टीम की सहायक कोच भी थीं। अभी वह किकस्टार्ट एफसी की मुख्य कोच हैं।

### स्टार्क ने चटकाए 350वां टेस्ट विकेट

**ब्रिसबेन।** मिचेल स्टार्क ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट लिए और वह टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट लेने वाले आस्ट्रेलिया के पांचवें गेंदबाज बन गए। 33 वर्ष के स्टार्क ने एलिक अथानाजे (आठ) को विकेट के पीछे एलेक्स कारे के हाथों लपकवाकर यह आंकड़ा छुआ। उन्होंने टी चंद्रपॉल (21) को भी स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों लपकवाया था। स्टार्क ने जस्टिन ग्रीव्स (छह) के रूप में 351वां विकेट लिया। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट 266 रन पर गंवा दिए। स्टार्क टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 350 विकेट लेने वाले 27वें गेंदबाज बन गए।



### पाटीदार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल



**हैदराबाद।** मध्यप्रदेश के बल्लेबाज रजत पाटीदार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए विराट कोहली की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए विराट कोहली की जगह रजत पाटीदार भारतीय टीम में होंगे।' कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट नहीं खेलेंगे।

### हमारे खिलाड़ियों ने बढ़ाया भारत का मान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का मान बढ़ाया है। पिछले साल आयोजित एशियाई खेलों में हमने 107 पदक के नए कीर्तिमान के साथ इतिहास रचा और एशियाई पैरा खेलों में हमने 111 पदक जीते।यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि महिलाएं हमारी पदक तालिका में बहुत प्रभावशाली योगदान दे रही हैं।'

### टेस्ट : टीम इंडिया ने एक विकेट पर बनाए 119 रन

# अश्विन और जडेजा भारत की सबसे सफल जोड़ी, इंग्लैंड 246 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारतीय स्पिन तिकड़ी ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति को बेअसर साबित करते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को उसे पहली पारी में 246 रन पर समेट दिया। मैच के दौरान रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। यह स्पिन जोड़ी अब टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे सफल जोड़ी बन गई है। उन्होंने एक जोड़ी के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट चटकाने के मामले में अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की जोड़ी को पछाड़ दिया है। कुंबले-भज्जी की जोड़ी ने एक साथ मिलकर भारत के लिए 501 विकेट चटकाए थे, मगर अब अश्विन और जडेजा ने 502 विकेट अपने नाम कर भारत की सबसे सफल जोड़ी का टैग अपने नाम कर लिया है। जवाब में यशस्वी जायसवाल के शानदार अर्धशतक से मेजबान ने अच्छी शुरुआत भी की। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने 23 ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे। शानदार फॉर्म में दिख रहे युवा तुर्क जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं। वहीं शुभमन गिल ने 14 रन बना लिए हैं।



## आठ विकेट स्पिनर के नाम

*सुबह स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके। मददगार पिच पर रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर तीन तीन विकेट चटकाए जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को दो दो विकेट मिले।*



## भारतीय विकेटटेकर जोड़ी

| विकेट | खिलाड़ी |
|---|---|
| 502 | रविचंद्रन अश्विन/रविंद्र जडेजा |
| 501 | अनिल कुंबले/हरभजन सिंह |
| 474 | जहीर खान/हरभजन सिंह |
| 431 | रवि अश्विन/उमेश यादव |
| 412 | अनिल कुंबले/जवागल श्रीनाथ |

## वर्ल्ड रिकॉर्ड एंडरसन और ब्रॉड के नाम

*इंटरनेशनल क्रिकेट में एक जोड़ी के रूप में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के नाम है, जिन्होंने एक साथ मिलकर 1039 विकेट चटकाए हैं। एंडरसन और ब्रॉड के अलावा शेन वॉर्न और ग्लेन मैक्ग्रा की जोड़ी दूसरी ऐसी जोड़ी है जिसने 1000 से अधिक विकेट चटकाए है। मैक्ग्रा और वॉर्न ने मिलकर अपने करियर में 1001 विकेट चटकाए थे।*



### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्राउले का सिराज बो अश्विन | 20 | 40 | 3 | 0 |
| बेन डकेट पगबाधा बो अश्विन | 35 | 39 | 7 | 0 |
| पोप का शर्मा बो जडेजा | 01 | 11 | 0 | 0 |
| रूट का बुमराह बो जडेजा | 29 | 60 | 1 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो पटेल | 37 | 58 | 5 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 70 | 88 | 6 | 3 |
| फोक्स का भरत बो पटेल | 04 | 24 | 0 | 0 |
| अहमद का भरत बो बुमराह | 13 | 18 | 1 | 0 |
| टॉम हार्टले बो जडेजा | 23 | 24 | 2 | 1 |
| मार्क वुड बो अश्विन | 11 | 24 | 2 | 0 |
| जैक लीच नाबाद | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 64.3 ओवर में 246/10
गेंदबाजी : बुमराह 8.3-1-28-2, सिराज 4-0-28-0, जडेजा 18-4-88-3, अश्विन 21-1-68-3 , अक्षर 13-1-33-2.

# नीरज की उपलब्धियों से हैरान हुए फेडरर



एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर और भारतीय ओलंपिक चैंपियन एथलीट नीरज चोपड़ा हाल में एक मुलाकात के दौरान एक दूसरे की उपलब्धियों की प्रशंसा करते दिखे। दोनों को अपनी सफलता, ख्याति और विरासत का कोई गुमान नहीं। बस एक दूसरे की प्रशंसा किए जा रहे। इस बातचीत में एक दूसरे की सफलता और समर्पण के प्रति आपसी सम्मान साफ दिखा।

'स्विट्जरलैंड टूरिज्म' द्वारा आयोजित इस मुलाकात में 20 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता फेडरर और भारत के विश्व चैंपियन चोपड़ा ज्यूरिख में मौजूद थे। ऐसा हालांकि रोज रोज नहीं होता कि खेल के प्रति ऐसे दो जुनूनी खिलाड़ी एक साथ बातचीत के मौजूद हों जिन्होंने अपनी उपलब्धियों से अपने देशों को गौरवान्वित किया हो। फेडरर 'स्विट्जरलैंड टूरिज्म' के वैश्विक दूत हैं, उन्होंने कहा, 'मैं इस बात से हैरान हूं कि नीरज ने अपने दृढ़ संकल्प और जज्बे से व्यक्तिगत तौर पर और अपने देश के लिए कितना कुछ हासिल किया है। ज्यूरिख में यहां उनसे मिलना शानदार है।'

## फेडरर से मिलना सपना सच होने वाला पल

चोपड़ा भी 'स्विट्जरलैंड टूरिज्म' के मैत्री दूत हैं। वहीं भारत के इस 26 साल के स्टार एथलीट के लिए यह 'सपना सच होने वाला' पल था। चोपड़ा ने कहा, 'ज्यूरिख में रोजर फेडरर से मिलना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मैंने हमेशा उनके कौशल, खेल भावना और दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रेरित करने की काबिलियत को सराहा है। पर आज उनकी विनम्रता ने मुझे प्रेरित किया जिससे मैं उनके जैसी शख्सियत की उपस्थिति में बहुत ही सहज महसूस कर रहा हूं। हमने मैदान के अंदर और बाहर अपने जुनून और अनुभवों को साझा करते हुए शानदार समय बिताया।'

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने नामीबिया को 7-2 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| मस्कट


भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां हॉकी 5 महिला विश्व कप में नामीबिया को 7-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह भारतीय टीम की पूल सी में लगातार तीसरी जीत थी। टीम अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पूल डी में दूसरे स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड से भिड़ेगी।



रतीय टीम ने पहले पोलैंड को 5-4 से और फिर अगले मैच में अमेरिका को 7-3 से मात दी। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरू में ही दो गोल कर नामीबिया को बिना समय लगाए 'बैकफुट' में पहुंचा दिया। उप कप्तान महिमा चौधरी ने तीसरे मिनट में गोल दागा और एक मिनट बाद ही दीपिका सोरेंग ने बढ़त दोगुनी कर दी। पहले हाफ में और कोई गोल नहीं हुआ लेकिन यह साफ था कि भारतीयों ने मैच में दबदबा बनाया हुआ था। नामीबिया ने मैच का पहला गोल दूसरे हाफ में जिवांका क्रूगर (18वें) की बदौलत किया। लेकिन भारत ने महिमा चौधरी (19वें) के दूसरे गोल से बढ़त 3-1 कर दी। इसके बाद दो मिनट के अंदर रूताजा दादासो पिसाल (22वें) और अक्षता अबासो

## महाराष्ट्र ने फरेरो की टेनिस अकादमी से किया करार

**पुणे।** महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ ने राज्य में खेल के विकास के लिए दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी युआन कार्लोस फरेरो की अकादमी से साझेदारी की है जिसे खेल में सर्वश्रेष्ठ अकादमियों में से एक माना जतात है। इस पहल के पीछे मुख्य उद्देश्य राज्य में ओलंपिक खेलों के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। इस पहल के माध्यम से ओलंपिक में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और राज्य के खिलाड़ियों को अन्य प्रतियोगिताओं में पोडियम तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। एमएसएलटीए के अध्यक्ष प्रशांत सुतार ने एक बयान में कहा, 'यह फरेरो की अकादमी है जो वर्तमान में कार्लोस अल्काराज को कोचिंग दे रहे हैं और हम उनके साथ हाथ मिलाकर खुश हैं।' एमएसएलटीए के चुने हुए खिलाड़ियों को लक्ष्यवेध, महाराष्ट्र सरकार और महाटेनिस फाउंडेशन से पूर्ण प्रायोजन मिलेगा। इसमें टेनिस ट्रेनिंग, फिजियो, यात्रा और फिटनेस कोच शामिल होंगे।



# इंडोनेशिया मास्टर्स : लक्ष्य और प्रियांशु एकल से बाहर

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारत के लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत गुरुवार को यहां अपने प्री क्वार्टर फाइनल में सीधे गेम से हारकर बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 500 इंडोनेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। आठवीं वरीयता प्राप्त एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ मुकाबले में सेन ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन वह डेनमार्क के इस खिलाड़ी से 19-21 18-21 से हार गए। पहले दौर में सेन ने चीन के वेंग होंगयांग को 24-22 21-15 से मात दी थी।

राजावत ने भी कनाडा के ब्रायन यांग के खिलाफ शुरुआती गेम में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन इतना ही काफी नहीं था और वह 18-21 14-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। राजावत ने पहले दौर में डेनमार्क के रास्मस गेमके को 21-18 21-19 से शिकस्त दी थी। अब टूर्नामेंट में किरण जॉर्ज एकमात्र भारतीय बचे हैं। पुरुष एकल में उनका सामना चीन के लु गुआंगझू से होगा। उन्होंने पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से मात दी थी।



### ओलंपिक को लेकर दिया था 40 साल की उम्र का हवाला

# मैरी कॉम बोलीं- नहीं लूंगी संन्यास, दिखाऊंगी दम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक के बाद से रिंग पर नहीं उतरी एमसी मैरी कॉम के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन छह बार की विश्व चैंपियन इस मुक्केबाज ने गुरुवार को खेल से संन्यास की अटकलों को खारिज किया। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता 41 वर्ष की मैरी कॉम अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिए उम्र के मानदंडों पर वैसे भी खरी नहीं उतरती हैं। उन्होंने हालांकि कहा कि अभी तक उन्होंने खेल को अलविदा कहने की औपचारिक घोषणा नहीं की है। दरअसल डिब्रूगढ़ में बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान मणिपुर की फ्लायवेट (51 किलो) वर्ग की मुक्केबाज मैरी कॉम के हवाले से कहा गया था



कि अमैच्योर मुक्केबाजों के लिए 40 वर्ष की सीमा के कारण उन्हें मजबूरन रिटायर होना पड़ रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा, 'मैने कुछ मीडिया रिपोर्ट देखी हैं जिनमें कहा गया कि मैने खेल को अलविदा कह दिया जो सही नहीं है। मैं 24 जनवरी को डिब्रूगढ़ में एक स्कूल के कार्यक्रम में भाग ले रही थी जहां मैं बच्चों की हौसलाअफजाई कर रही थी। मैने कहा था कि मेरे भीतर अभी भी खेलों में नई ऊंचाइयां छूने की भूख है लेकिन ओलंपिक में उम्र की सीमा होने से मैं भाग नहीं ले सकती। मैं हालांकि अपना खेल जारी रख सकती हूं और मेरा फोकस फिटनेस पर है। मैं जब भी संन्यास का फैसला लूंगी, सभी को बताऊंगी। कृपया अपनी खबर दुरूस्त कर लें।'

## अब तक नहीं किया पेशेवर में डेब्यू

*टोक्यो ओलंपिक में प्री क्वार्टर फाइनल में हारने के बाद से वह मुक्केबाजी रिंग से दूर हैं। पेशेवर मुक्केबाजी में उम्र की सीमा नहीं होने के बावजूद उन्होंने इसमें पदार्पण नहीं किया है लिहाजा उनके भविष्य को लेकर लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही हैं। वह 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ट्रायल में भाग लेना चाहती थी लेकिन चयन मुकाबले के दिन लिंगामेंट चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। बाद में उन्होंने सर्जरी कराई।पिछले साल उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उस समय कहा था कि अभी वह तीन साल साल प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी खेल सकती हैं। उनकी गैर मौजूदगी में निकहत जरीन ने 51 किलोवर्ग में लगातार दो विश्व खिताब जीते।*

# रंधावा सीनियर यूरो क्यू-स्कूल जीतने वाले पहले भारतीय

एजेंसी ▶▶| अंताल्या

अनुभवी गोल्फर ज्योति रंधावा सीनियर यूरोपीय टूर क्वालीफाइंग स्कूल के शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय बने और इस सत्र में लीजेंड्स टूर में खेलने का पूर्ण अधिकार हासिल किया। रंधावा ने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से चार शॉट आगे रहे।

वर्ष 2022 में 50 बरस के हुए रंधावा 2023 में यूरोप में सीनियर टूर पर अपनी कुछ शुरुआती प्रतियोगिताएं खेली थी। उन्होंने अंताल्या के ग्लोरिया गोल्फ क्लब में 71, 67, 68 और 70 के स्कोर से कुल 276 का स्कोर बनाया। फ्रांस के लियोनल एलेक्जेंडर (72), इंग्लैंड के साइमन ग्रिफिथ्स (72) और स्पेन के कार्लोस बालमासेदा (72) 280 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109





केंद्र और शिपबिल्डर्स के बीच 1070 करोड़ के रक्षा सौदे पर सहमति

# केंद्र सरकार का बड़ा कदम... अब अभेद्य होगी समुद्री तटों की सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय समुद्री तट रक्षा सुनिश्चित करने बड़ा कदम उठाया है। स्वदेशी रूप से निर्मित इन आधुनिक शिपों को एमडीएल द्वारा डिजाइन किया जाएगा। जिसे 5 साल की समय सीमा के भीतर भारतीय तट रक्षकों को सौंप दिया जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय समुद्री तटों रक्षा सुनिश्चित करने के लिए 14 तेज गति से निगरानी करने वाले शिप के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ 1,070 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किया। स्वदेशी रूप से निर्मित इन आधुनिक शिपों को एमडीएल द्वारा डिजाइन, विकसित किया जाएगा, जिसे पांच साल की समय सीमा के भीतर भारतीय तट रक्षकों को सौंप दिया जाएगा। विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों के अलावा एफपीवी बहुउद्देशीय ड्रोन, वायरलेस रूप से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट लाइफबॉय और एआई क्षमता से लैस होंगे। इससे भारतीय तटरक्षकों को चुनौतियों का सामना करने में मदद और परिचालन में आसानी होगी।

**खास बातें**

- पांच वर्षों के भीतर सौंपा जाएगा यह आधुनिक शिप
- तटरक्षकों को नई चुनौतियों का सामना करने में मिलेगी मदद

**शक्तिशाली**

समुद्री प्रदूषण के निपटान में सहायता और निगरानी में मजबूत भूमिका

बहुउद्देशीय ड्रोन, वायरलेस और एआई क्षमता से लैस



**तटरक्षा की क्षमता को बढ़ावा**

*इन शिपों (एफपीवी) के अधिग्रहण का उद्देश्य भारतीय तटरक्षा की क्षमता को बढ़ावा देना और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना है। बता दें कि करीब एक महीने पहले भारतीय तटरक्षक बल के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से युक्त अगली पीढ़ी के 6 अपतटीय गश्ती जहाजों के अधिग्रहण के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा एमडीएल के साथ 1,614 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था। इस तरह यह सौदा आत्मनिर्भर भारत को भी बढ़ावा देगा।*

**एंटी-पाइरेसी ऑपरेशन में मददगार**

ये शिप (एफपीवी) मत्स्य पालन संरक्षण और निगरानी, नियंत्रण और निगरानी, तस्करी विरोधी अभियान, खोज और बचाव अभियान,संकट में जहाज या शिल्प को सहायता, टोइंग क्षमताओं,एंटी-पाइरेसी ऑपरेशन, समुद्री प्रदूषण के निपटान में सहायता और निगरानी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## सेना ने पुलवामा में डिफ्यूज किया जिंदा आईईडी बम



**नई दिल्ली।** भारतीय सुरक्षाबलों को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा सेक्टर में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने एक आईईडी को डिटेक्ट किया और उसे बम निरोधक दस्ते की मदद से डिफ्यूज भी कर दिया। अतंकियों ने इस आईईडी को भारतीय सेना को निशाना बनाते हुए प्लांट किया था। आगामी गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों की प्लानिंग भारतीय सेना को निशाना बनाने की थी। सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के चलते एक बड़ी आतंकी घटना को टालने में मदद मिली। सेना इस वक्त इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है ताकि आतंकियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। केंद्र सरकार कश्मीर में आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इससे पहले 12 जनवरी को जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में भारतीय सेना के वाहन पर आतंकियों द्वारा हमला किया गया था। पुंछ के खनेतर क्षेत्र में आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर घात लगाकर हमला किया था। जिसके बाद जवानों ने जवाबी फायरिंग की। इससे पहले राजौरी के डेरा की गली में दो सैन्य वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में चार सैनिक मारे गए।

गृहमंत्री शाह ने दिखाई हरी झंडी

## जम्मू में चलेंगी 100 ई-बसें

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वर्चुअल मोड से जम्मू में ई-बसों को हरी झंडी दिखाई। यह कार्यक्रम जम्मू कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया।



स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 100 ई-बसों को जम्मू में चलाने के लिए लगभग 950 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह बसें जम्मू में 11 रूटों पर दौड़ेंगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ, सांसद जुगल किशोर शर्मा, राज्यसभा सांसद गुलाम अली उपस्थित रहे। इसके अलावा दिल्ली से संयुक्त सचिव भी जम्मू पहुंचे।

**हर 20 मिनट पर मिलेगी बस सुविधा**

ई-बस का फायदा यह है कि बस हर बीस मिनट बाद आएगी और रात 11 बजे तक इसकी सुविधा मिलेगी। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। जम्मू शहर में मेटाडोर रात 8 बजे तक की चलती है। ऑटो चालकों के मनमाने किराये से भी निजात मिलेगी। बता दें कि बस में किसी की तबीयत बिगड़ने पर स्वास्थ्य सुविधा भी मिलेगी। इतना ही नहीं चोरी होने या फिर छेड़छाड़ होने पर चालक के माध्यम से कॉल नजदीकी पुलिस स्टेशन में की जाएगी। बसें सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगी।

## पाकः रैली में ले गए असली शेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव के लिए मतदान होगा। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटी हैं। नवाज शरीफ की रैली में पीएमएलएन समर्थक असली शेर ही ले आए। इसकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। पाकिस्तान के लाहौर में नेशनल असेंबली 130 पर शरीफ की पार्टी ने विशाल रैली का आयोजन किया। हैरानी तो तब हुई जब पार्टी के समर्थक रैली स्थल पर असली शेर को ले आए। यह शेर पिंजरे में बंद था



और एक खुली गाड़ी में शेर के पिंजरे को रखा गया था। पीएमएलएन का चुनाव चिन्ह शेर ही है। यही वजह है कि रैली में असली शेर लाकर लोगों को लुभाने की कोशिश की गई। हालांकि पार्टी समर्थकों की इस हरकत का उल्टा असर हुआ और लोगों ने इस कदम का आलोचना की।





**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (III Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**